नई दिल्ली

सोमवार 8 सितंबर 2025

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा

वर्ष : 29, अंक : 145

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम

अधि. 36

न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


'एंटरोमिक्स' नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन की खोज...दुनिया को बेसब्री से इंतजार

# कैंसर रोगियों के लिए 'उम्मीद की बड़ी किरण'...रूस में बनी वैक्सीन ट्रायल में 100% कारगर साबित हुई

यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काम की खबर

रूस ने कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता हासिल की है। एंटरोमिक्स नाम की एमआरएनए आधारित वैक्सीन ने क्लीनिकल ट्रायल में 100% प्रभाव दिखाया है और किसी भी गंभीर रिएक्शन की सूचना नहीं मिली है। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती है। इसे रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजिकल सेंटर और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी संस्थान ने मिलकर तैयार किया है।

### वैक्सीन को अब अंतिम मंजूरी का इंतजार

इस वैक्सीन को अब स्वास्थ्य मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी मिलने के बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। एक तरफ जहां कैंसर के बाद कीमोथेरेपी या अन्य उपचार के तरीके अपनाए जाते हैं, वहीं इसके विपरीत, एंटरोमिक्स टीका प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत रूप से तैयार किया जाता है। इससे पहले बताया गया था कि रूस ने अपने नए एंटरोमिक्स ऑन्कोलिटिक टीके का क्लीनिकल ट्रायल शुरू कर दिया है। इस ट्रायल में 48 लोगों ने हिस्सा लिया था। क्लीनिकल परीक्षण की शुरुआत की घोषणा उत्तरी रूस में 18 से 21 जून तक आयोजित सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच में की गई थी।




### एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे

यह टीका कैंसरग्रस्त ट्यूमर पर हमला करता है और उसे खत्म करने के लिए शरीर को नुकसान न पहुंचाने वाले चार वायरस का इस्तेमाल करता है। एंटरोमिक्स को बनाने में कई साल लगे हैं और यह कई ट्रायल से गुजर चुका है। अधिकतर मामलों में यह ट्यूमर को छोटा करने या उसके बढ़ने को रोकने में मददगार साबित हुआ, जबकि कुछ मामलों में इसने कैंसर को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 'गर्व से स्वदेशी' के तहत देशी उत्पादों को बढ़ावा देने का किया आह्वान

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के तहत नई दिल्ली में सांसदों ने साइकिल चलाई



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत प्रतिष्ठित इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर सांसदों के साथ साइकिल चलाई। इस पहल का अनूठा विषय 'गर्व से स्वदेशी' है और इसमें भारत में बने उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 39वां संस्करण भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर में 8000 स्थानों पर आयोजित किया गया। नई दिल्ली में, ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इसमें 1500 से ज़्यादा साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। 'संडे ऑन साइकिल' के इस संस्करण में एक नया जुड़ाव देखने को मिला: 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव, जिसमें भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के साथ अपने स्टॉल लगाए। इस कार्यक्रम में शामिल सांसदों में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री बने चार्नविराकुल



**बैंकॉक।** थाईलैंड में वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल रविवार को शाही अनुमोदन प्राप्त करने के बाद देश के प्रधानमंत्री बन गए। अदालत के आदेश पर उनके पूर्ववर्ती को पद से हटाए जाने के बाद दो दिन पहले संसद द्वारा उन्हें इस पद के लिये चुना गया। अनुतिन (58) ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया है, पिछले सप्ताह अदालत के आदेश पर प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### पटाखे फोड़ने को लेकर 300 पर केस दर्ज

**कासरगोड।** केरल के कासरगोड जिले में गणेशोत्सव के समापन पर निकाली गई विसर्जन यात्रा के दौरान खतरनाक तरीके से पटाखे फोड़ने और लोगों की आवाजाही बाधित करने के आरोप में 300 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी शनिवार को कसबा गांव स्थित मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर से शुरू हुई विसर्जन यात्रा का हिस्सा थे। ये लोग यहां राज्य परिवहन निगम की बस डिपो के सामने जमा हो गए।

### पाक के पंजाब में नाव पलटने से 15 की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। जलालपुर पीरवाला, मुल्तान जिले में एक नाव पलटने से 15 बाढ़ पीड़ितों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और चार बच्चे शामिल हैं। नाव पर करीब 30 लोग सवार थे। यह हादसा तेज धारा के कारण हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सभी मृतक बिना लाइफ जैकेट के थे।

जीएसटी सुधारों के लिए पीएम मोदी का किया अभिवादन

# भाजपा सांसदों की दो दिवसीय वर्कशॉप में पीएम नरेंद्र मोदी अंतिम पंक्ति में बैठे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के लिए रविवार को दो दिवसीय कार्य कार्यशाला की शुरूआत की। रविवार को कार्यशाला के पहले दिन सभी सांसदों ने भाग लिया है। पहली बैठक की खास बात ये रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम पंक्ति में बैठे। संसद परिसर में हो रही इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने 'एक्स' पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। रवि किशन ने लिखा, 'एनडीए सांसदों की कार्यशाला में आखिरी पंक्ति में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ये शक्ति है भाजपा की, यहां हर कोई कार्यकर्ता है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दक्षिण भारत से आते हैं दोनों उम्मीदवार



उपराष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से आते हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं और इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वहीं, रेड्डी तेलंगाना से हैं और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी रह चुके हैं। 67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल में कोयंबटूर से दो बार सांसद रह चुके हैं। 79 वर्षीय सुदर्शन रेड्डी जुलाई 2011 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए थे। वे कई अहम फैसलों के लिए चर्चित रहे, जिनमें काला धन जांच में सरकार की ढिलाई पर सख्त टिप्पणी और छत्तीसगढ़ में सलवा जुडूम को असंवैधानिक करार देना शामिल है।

### राजग के सांसदों का प्रस्तावित रात्रिभोज रद्द

पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इंडिया गठबंधन का मॉक पोल आज

*इधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार 8 सितंबर को गठबंधन द्वारा एक मॉक पोल का आयोजन किया जाएगा जो दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस संबंध में अपनी पार्टी के सभी सांसदों को संदेश भेजा है। संदेश में सांसदों को मॉक पोल में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही 9 सितंबर को होने वाली उपराष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग में भी सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है। इस बैठक में सांसदों को वोटिंग प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें मतदान की प्रक्रिया की प्रैक्टिस कराने के लिए एक मॉक पोल भी करवाया जाएगा।*

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने फिर लगाया चुनाव आयोग पर धांधली का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आयोग अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का "बैक-ऑफिस" बन गया है और वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट का मार्फ़त खरगे ने कहा कि मई 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने आलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने का खुलासा किया था। यह काम फर्जी फ़ॉर्म-7 आवेदनों के ज़रिए किया गया। फ़रवरी 2023 में दर्ज मामले की जांच में सामने आया कि 5 हज़ार 994 आवेदन फर्जी थे। यह मतदाता सूची से नाम हटाने की बड़ी साजिश थी। कांग्रेस सरकार ने इस पूरे मामले की जांच के लिए सीआईडी जांच के आदेश दिए।

### खरगे का आरोप

*कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि शुरू में चुनाव आयोग ने जांच में मदद के लिए कुछ दस्तावेज़ दिए थे, लेकिन अब वही आयोग महत्वपूर्ण दस्तावेज़ देने से इनकार कर रहा है।उन्होंने सवाल उठाए, आखिर चुनाव आयोग ने अचानक अहम सबूत क्यों रोक दिए? क्या आयोग असली गुनाहगारों को बचा रहा है? क्या भाजपा दबाव डालकर सीआईडी जांच को विफल करने की कोशिश कर रही है?*

### लोकतंत्र पर चोट

*खरगे ने कहा कि मत देने का अधिकार हर नागरिक का मूल अधिकार है और इसे छीना नहीं जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संगठित रूप से मतदाताओं के अधिकार छीनने का षड्यंत्र कर रही है और चुनाव आयोग उसकी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, "यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है और कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।"*

विकास दर पर केंद्र का आकलन

## वास्तविक वृद्धि लक्ष्य पूरा होगा जीडीपी में थोड़ी गिरावट संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ देश में महंगाई कम होने की संभावना

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 10.1% से थोड़ी कम रह सकती है, लेकिन वास्तविक जीडीपी 6.3%-6.8% के बीच रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही खरीफ फसल अच्छी रहने और जीएसटी दरों में कटौती से महंगाई घटेगी। पहली तिमाही में 8.8% नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ दर्ज हुई, जो अनुमान से बेहतर है। उन्होंने कहा कि नॉमिनल जीडीपी में महंगाई का प्रभाव शामिल होता है, जिससे कीमतें बढ़ने पर जीडीपी अधिक दिखाई देती है। वहीं, वास्तविक जीडीपी महंगाई को समायोजित करके तैयार की जाती है, जिससे अर्थव्यवस्था की असल स्थिति सामने आती है। नागेश्वरन ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

करीब सवा करोड़ भक्तों ने टेका माथा

## महाकाल में 39 दिनों में 30 करोड़ रुपए का चढ़ावा आया

एजेंसी ▶▶ उज्जैन



■ लड्डू प्रसाद की 10 करोड़ रुपए की बिक्री

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण-भाद्रपद मास (11 जुलाई से 18 अगस्त 2025) की रौनक कुछ ऐसी रही कि भगवान महाकाल का खजाना भक्तों की भेंट से लबालब भर गया। 39 दिनों में मंदिर समिति को 29 करोड़ 61 लाख रुपए की आय हुई, जो बीते तीन सालों में इस अवधि की सर्वाधिक आय है। इतना ही नहीं, इस बार 1 करोड़ 25 लाख भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन कर नया रिकॉर्ड बनाया। यह आंकड़ा न केवल उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाता है, बल्कि मध्य प्रदेश के महाकाल लोक की बढ़ती लोकप्रियता का भी सबूत है। आय के स्रोतों में लड्डू प्रसाद, विशेष दर्शन टिकट, दर्शन शुल्क, और दानपात्र शामिल हैं। लड्डू प्रसाद की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत में दिखा पूर्ण चंद्रग्रहण




### सूतक काल में बंद रहे मंदिर, महाकाल के खुले रहे कपाट

*नई दिल्ली। भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि यानी रविवार को पूर्ण चंद्र ग्रहण हुआ। ग्रहण रात 09 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर 8 सितंबर को देर रात 01 बजकर 26 मिनट पर समाप्त हुआ। जिसके साथ सूतक काल भी खत्म हो गया। ग्रहण के दौरान चांद गहरे लाल रंग का यानी ब्लड मून नजर आया। ब्लड मून पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान रात 11 बजे से लेकर 12 बजकर 22* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## विशेष पुनरीक्षण पर आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव आयोग की पूरे देश में एक साथ एसआईआर की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान अभी अंतिम रूप में सामने भी नहीं आया है, इसके ख़िलाफ़ विपक्षी दलों ने मुहिम छेड़ी हुई है इससे इतर चुनाव आयोग ने देश भर में एक साथ एसआईआर कराने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। सभी राज्यों के सीईओ, चुनाव प्रमुखों को 10 तारीख को दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक में शिरकत करने का आदेश दिया गया है। इसी बैठक देश भर में एक साथ शुरू करने वाले विशेष पुनरीक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने बताया, केंद्रीय चुनाव आयोग ने फार्मूला तैयार कर किया है। औपचारिक विमर्श के बाद इसकी घोषणा कर दी जाएगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत नए मतदाता नामांकन कर सकते हैं, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाते हैं, पहले से दर्ज नामों में सुधार या पते में बदलाव किया जा सकता है।विदेशी या घुसपैठियों की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची से काटे जाते हैं। आयोग का कहना है कि इससे मतदाता सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगी। जबकि विपक्षी दलों का आरोप है की उनके वोटरों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली में बड़ी बैठक

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ शामिल होंगे।
- तकनीकी तैयारियों, बूथ लेवल अधिकारी के प्रशिक्षण और समय-सीमा पर विस्तृत चर्चा होगी।
- मतदाता पंजीकरण को ऑनलाइन और मोबाइल एप आधारित बनाने की जानकारी दी जाएगी:

### आयोग का लक्ष्य

- हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके।
- फर्जी और दोहराए गए नाम हटाए जा सकें।
- दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं को आसानी से पंजीकरण का अवसर मिले। चुनावी प्रक्रिया और भी विश्वसनीय व पारदर्शी बने।

महागठबंधन और एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर फंसेगा पेंच

दोनों खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज हुई

## बिहार विधानसभा चुनाव: विपक्षी गठबंधन में दो और दल जुड़े, सीट बंटवारे को लेकर बढ़ी चुनौतियां

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विश्लेषण

जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन – दोनों खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। एनडीए में जहां चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मांगों से बातचीत कठिन हो रही है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अब दो और दल जुड़ गए हैं – झारखंड मुक्ति मोर्चा (हेमंत सोरेन) और लोजपा (पशुपति पारस गुट)। महागठबंधन में पहले से ही राजद, कांग्रेस, भाकपा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पारस गुट से पासवान वोट बैंक में सेंध की कोशिश

पशुपति पारस को उनके गढ़ खगड़िया अलौली और हाजीपुर सीटें दी जा सकती हैं। वे अलौली से कई बार विधायक रहे हैं। माना जा रहा है कि पारस गुट को 2–3 सीटें मिल सकती हैं, जिन पर वे और उनके बेटे चुनाव लड़ेंगे। महागठबंधन की कोशिश है कि पासवान वोटों में बंटवारा कराया जा सके।

### झामुमो को भी देना होगा हिस्सा

झारखंड में राजद और कांग्रेस हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली झामुमो सरकार का हिस्सा हैं, इसलिए बिहार में भी झामुमो को कुछ सीटें दी जाएंगी। झारखंड बिहार की सीमावर्ती सीट बांका, मुंगेर और भागलपुर जैसे झारखंड सीमा से सटे इलाकों में झामुमो को उम्मीदवार उतारने का मौका मिल सकता है।

### नई चुनौतियाँ

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने इस बार 50 सीटें और डिप्टी सीएम पद की मांग कर दी है। साथ ही उनकी इच्छा है कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और उन्हें उपमुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाए। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सहनी को 20–25 सीटों से ज़्यादा मिलने की संभावना नहीं है, क्योंकि पिछली बार वे 11 सीटों पर लड़े थे और सिर्फ 4 जीत पाए थे। कांग्रेस को भी इस बार 70 की जगह 50-60 सीटों के अंदर संतोष करना पड़ सकता है, बशर्ते सीटें "विजयी संभावना" वाली हों। वहीं, भाकपा (माले) अपनी बेहतर जीत दर यानी पिछली बार बेहतर स्ट्राइक रेट को देखते हुए ज़्यादा सीटों की मांग कर रही है।

### नतीजा

महागठबंधन का कुनबा बढ़ा जरूर है, लेकिन सीटों के बंटवारे का गणित और कठिन हो गया है। तेजस्वी यादव के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती होगी – सभी दलों को साधकर चुनाव मैदान में उतरना।

## आजीवन कारावास की सजा पा चुका आरोपी पैरोल लेकर हो गया था फरार

# दो पड़ोसियों की हत्या केस में वांटेड भगौड़ा अपराधी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अपराध शाखा ने डबल मर्डर केस के आरोपी को छह साल बाद गिरफ्तार किया है। इसे दो पड़ोसियों की हत्या के केस में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। 2019 में आरोपी दो हफ्ते की पैरोल मिलने के बाद फरार हो गया था।

पुलिस के अनुसार एंटी रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल की टीम ने आजीवन कारावास की सजा पा चुके भगौड़े आरोपी नौशाद (42) पुत्र कमालुद्दीन, निवासी जनता कॉलोनी, वेलकम को पकड़ा है। नौशाद को 2006 में जनता कालोनी में ही दोहरे हत्याकांड में दोषी ठहराया गया था। यह केस वेलकम थाने का था। वह 2019 से पैरोल जंप करने के बाद फरार था। नौशाद को मुख्य पुश्ता रोड, डीपीए वजीराबाद के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 27 मार्च 2006 को अतिक्रमण, झगड़े और दो हत्याओं की सूचना देने पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पप्पू (शिकायतकर्ता मोहम्मद इमरान का भाई) और अनीशा (मां) को कॉन्टैक्ट रेंज से सिर में गोली मारी गई थी। हीना (बहन) चाकू के कई वार से गंभीर रूप से घायल थी। सभी को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था, जहां पप्पू और अनीशा को मृत घोषित कर दिया गया। हीना बयान देने की स्थिति में नहीं थी। जांच में पता चला कि पड़ोसी नौशाद, दिलशाद, इसरार, हसीन, रानू, शमीम और एक किशोर के बीच लंबे समय से पीड़ितों के परिवार के साथ दुश्मनी चल रही थी। यह दुश्मनी 2006 की शुरुआत में आरोपी शमीम की बेटी और कई सह-आरोपियों की बहन शबनम और शिकायतकर्ता के भाई इशरत के बीच हुए प्रेम विवाह से उपजी थी। इस शादी का शबनम के परिवार ने कड़ा विरोध किया और बार-बार धमकियां दी गई थी। यह विवाद बदला लेने की एक पूर्व नियोजित कार्रवाई में तब बदल गया, जब अपराध के दिन आरोपी पीड़ितों के घर में जबरन घुस गए और वारदात को अंजाम दिया। 26 जुलाई 2013 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने आरोपियों को आजीवन कारावास और 50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई थी। मई 2019 में नौशाद को दिल्ली जेल प्राधिकरण द्वारा दी गई पैरोल (फर्लो) पर रिहा कर दिया गया। उसके बाद वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के चंगुल से फरार हो गया और फिर कभी आत्मसमर्पण नहीं किया।

### दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी क्राइम ब्रांच ने किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना क्षेत्र में दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी को क्राइम ब्रांच की ईआर-2 टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले पांच वर्षों से लगातार अपने ठिकाने बदल रही थी। पकड़ी गई महिला का नाम उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की रहने वाली 50 वर्षीय कौशल्या देवी है। यह ननद की मौत के मामले में वांछित थी। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला पिछले पांच वर्षों से फरार थी और बार-बार अपना ठिकाना बदल रही थी। इस दौरान वह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में छिपकर रही। हाल ही में वह दिल्ली के गांधी नगर में किराए के मकान में रहने आई थी। कौशल्या देवी और उसके साथियों के खिलाफ मंडावली थाना में धारा 302, 304बी, 498ए, 120बी, 174ए आईपीसी के तहत एफआईआर 2019 में दर्ज की गई थी। उसने सह-आरोपियों के साथ मिलकर अपनी ननद नीरज की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। जांच के दौरान दो अन्य आरोपी राम अवतार और ब्रह्म सिंह पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे। कौशल्या देवी गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग गई थी। अदालत ने 23 मार्च 2023 को इसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया था। आरोपी महिला गांधी नगर में एक कपड़ा कारखाने में दिहाड़ी मजदूरी कर रही थी।

### प्रीमियम कपड़ों एवं फुटवियर ब्रांड्स की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़



**नई दिल्ली।** डीआईयू उत्तर पश्चिम की एक टीम ने प्रीमियम कपड़ों एवं फुटवियर ब्रांड्स की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कपड़े और जूते बरामद किये गये हैं। आरोपी इन कपड़ों व फुटवियर पर प्रसिद्ध ब्रांड्स के नकली लेबल टैग लगाता था और उन्हें बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचता था। आरोपी स्वयं को ब्रांड्स का अधिकृत वितरक भी बताता था। एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह के अनुसार डीआईयू को शिकायतकर्ता नृपेन्द्र कश्यप निवासी निजामुद्दीन ईस्ट से शिकायत प्राप्त हुई थी। बताया गया था कि बाजार में 'FENDI' एवं 'DIOR' जैसे हाई-वैल्यू ब्रांड्स के नाम से नकली कपड़े, जूते, सनग्लास, घड़ी आदि बेचे जा रहे हैं। मामले की गंभीरता एवं ब्रांड्स को हो रहे बड़े आर्थिक नुकसान को देखते हुए एसआई उदय नारायण, महिला एसआई गरिमा भाटिया व अन्य की टीम ने सूचना के सत्यापन के बाद शालीमार बाग स्थित दुकान नंबर 123, बीटी ब्लॉक पर छापेमारी कर आरोपी मोहित सचदेवा को गिरफ्तार किया और उपरोक्त सभी नकली सामान बरामद किया।

#### आभूषण और नकदी बरामद

## घरेलू नौकर हाई प्रोफाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाराखंभा रोड पुलिस ने केजी मार्ग के हाई प्रोफाइल चोरी केस में शामिल नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई ज्वैलरी व नगदी बरामद हो गई है। गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम रिंकू है।

डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार सतिंदर सिंह छाबड़ा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घरेलू नौकर रिंकू ने कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित उनके घर से लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चुरा लिए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की और संदिग्ध रिंकू को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। उसके मोबाइल फोन की जांच से बड़ी रकम के संदिग्ध यूपीआई लेनदेन का पता चला। आगे की जांच में इन वित्तीय लेनदेन के डिजिटल फुटप्रिंट का पता चला, जिससे संदिग्ध के खिलाफ मामला मजबूत हुआ। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता के घर पर बार-बार चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। संदिग्ध को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी निशानदेही पर संगम विहार स्थित उसके किराए के मकान से चोरी के आभूषण और नकदी बरामद की गई। उसने यह भी बताया कि कुछ नकदी और आभूषण उसने गृहनगर यूपी के सीतापुर भेज दिए गए थे। शेष चोरी की वस्तुओं की बरामदगी के लिए आगे प्रयास जारी हैं। आरोपी पहले राजौरी गार्डन के एक घर में घरेलू नौकर के रूप में काम करता था। बाद में उसे छाबड़ा परिवार के घर पर एक प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए नौकरी मिल गई।

## वाहन चोरी करने वाले कई गिरोह का भंडाफोड़, चोरी के 22 वाहन बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मोटर वाहन चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है और छह किशोरों को पकड़ा है। साथ ही दिल्ली के उत्तरी जिले में एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान चोरी के 22 दोपहिया वाहन बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी के वाहनों का इस्तेमाल शहर में झपटमारी और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देने के लिए कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि कुल 10 मोटरसाइकिल और 12 स्कूटर जब्त किए गए हैं, जबकि राजधानी के विभिन्न इलाकों से दर्ज मोटर वाहन चोरी के 22 मामलों को सुलझाया गया है। पुलिस ने बताया कि एक अभियान में पुलिस टीमों ने सुबह-सुबह शास्त्री नगर और इंद्रलोक इलाकों के पास चोरी के स्कूटरों पर सवार कई संदिग्धों को रोका। इसके बाद की गई छापेमारी में राम तिवारी नामक एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर संचालित एक गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। यह गिरोह चोरी के काम में नाबालिगों का भी इस्तेमाल करता था, जिनमें से एक नाबालिग को बलपूर्वक हैंडल लॉक तोड़ने में माहिर बताया गया है। जांच से पता चला कि गिरफ्तार किए गए अधिकांश संदिग्ध कथित तौर पर नशे के आदी हैं और वे सुनसान स्थानों या मुफ्त पार्किंग क्षेत्रों में खड़े दोपहिया वाहनों को निशाना बनाते हैं। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी किये गये वाहनों को सस्ते दामों पर बेचते थे, साथ ही अपराध के दौरान भागने के लिए भी उनका इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने एक बयान में बताया कि अन्य घटनाओं में पुलिस ने नियमित जांच और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कश्मीरी गेट और सदर बाजार के पास वाहन चोरों को पकड़ा। बयान के अनुसार, बुराड़ी और तिमारपुर के सरकारी अस्पतालों और आवासीय कॉलोनियों के पार्किंग स्थलों से चुराए गए वाहन भी बरामद किए गए। एक आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में वांछित घोषित अपराधी पाया गया।

### बीजेपी सरकार सिर्फ कर रही है घोषणाएं , जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा कोई राहत कार्य : कांग्रेस


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई थी। लेकिन अब जलस्तर कम होने के बावजूद भी बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं कम होने के बावजूद बढ़ती जा रही है। इस बीच, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, सुजीत सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने बदरपुर खादर, बुराड़ी डूब क्षेत्र और सोनिया विहार जैसे प्रभावित इलाकों में बाढ़ कैंपों का जायजा लिया, जहां लोग बाढ़ के कारण भारी परेशानी झेल रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली की बीजेपी सरकार पर बाढ़ पीड़ितों की मदद में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बावजूद दिल्ली सरकार ने समय रहते कोई रणनीति नहीं बनाई। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने 31 अगस्त को ही सरकार को बाढ़ के खतरे के प्रति आगाह किया था, लेकिन उनकी चेतावनी को नजरअंदाज किया गया। नतीजतन, हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित हुए और आज राहत शिविरों में भी बदइंतजामी का आलम है। राहत शिविरों में पानी, भोजन, दवाइयां और चिकित्सा सुविधाओं की कमी की शिकायतें सामने आईं। आदेश भारद्वाज ने कहा बीजेपी सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई राहत कार्य नहीं हो रहा। लोग अपनी जान और आजीविका बचाने के लिए खुद संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण राहत कैंपों में रह रहे पीड़ितों की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। आदेश ने केंद्र और दिल्ली सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। साथ ही उन्होंने खेती जमीनों में फसल का मुआवजा काश्तकारों को देने की भी मांग की, क्योंकि दिल्ली में ज्यादातर खेती स्वयं जमींदार के बजाय काश्तकार करते हैं और फसल रोपण में मेहनत और खर्च काश्तकार करता है और बाढ़ आने से नुकसान भी काश्तकार का ही होता है। दूसरी ओर, बीजेपी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार और कार्यकर्ता राहत कार्यों में जुटे हैं और पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भी सहायता भेजी जा रही है।

## 'कलश' चोरी के मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध की गतिविधियों का पता लगाया

लाल किले के निकट एक जैन धार्मिक समारोह से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण और रत्न से जड़ित कलश की चोरी के संबंध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने संदिग्ध की गतिविधियों का पता लगाया और उसके ठिकाने के बारे में महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए। यह चोरी तीन सितंबर को एक प्रार्थना समारोह के दौरान हुई जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे। श्रद्धालुओं के साथ घुलने-मिलने के लिए पारंपरिक धोती-कुर्ता पहने संदिग्ध ने कथित तौर पर बिड़ला के कार्यक्रम में पहुंचने पर मची आपाधापी का फायदा उठाया और बर्तन लेकर भाग गया। यह कलश 760 ग्राम सोने तथा 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ने से जड़ा है और जैन समुदाय के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व रखता है। यह समारोह 28 अगस्त को शुरू हुआ और नौ सितम्बर को समाप्त होगा।

काफी खोजबीन के बाद भी कलश का पता न चलने पर कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति कई दिनों से टोह ले रहा था और संदेह से बचने के लिए आयोजकों के बीच घुल-मिल गया था। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कई टीमें काम कर रही हैं और घटनास्थल तथा आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज से जांचकर्ताओं को चोरी के बाद आरोपियों द्वारा अपनाए गए मार्ग का पता लगाने में मदद मिली है। अधिकारी ने बताया कि हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और छापेमारी की जा रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी की गतिविधियों का पता लगा लिया गया है। समारोह के आयोजकों ने कहा कि चोरी से समुदाय को बहुत परेशानी हुई है।

आयोजकों में से एक पुनीत जैन ने कहा कि भौतिक मूल्य के अलावा इस कलश का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। हमें उम्मीद है कि पुलिस इसे बरामद कर लेगी।

### एलजी कप शूटिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रजिस्ट्रेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित एलजी कप ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बारे में डीडीए के अनुसार गत वर्षों की भांति इस बार एलजी कप ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 शुरू होने जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए डीडीए ने पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पंजीकरण शुरू किए है। यह आयोजन सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 19-21 सितंबर 2025 को होगा। अधिकारी ने बताया कि जिसमें एलजी कप ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में कुल 140 स्लॉट उपलब्ध हैं, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जाएँगे। स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 रखी गई है। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएगें। रजिस्ट्रेशन के लिए सदस्यों के लिए 500 रुपए फीस रखी है। जबकि गैर सदस्यों के लिए 800 रुपए बतौर फीस भरनी होगी। अधिकारी के अनुसार कप में लिटिल (छोटे) शूटिंग चैंपियन - 20 शॉट, जूनियर शूटिंग चैंपियन, मास्टर शूटिंग चैंपियन, सीनियर शूटिंग चैंपियन - ओपन श्रेणी और पैरा शूटिंग चैंपियन (एसएच -1 और एसएच-2) शामिल है।

## सरकारी बैठकों में सीएम के पति के बैठने पर 'आप' ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सरकारी बैठकों में मुख्यमंत्री के पति के बैठने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को आपत्ति जताई है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि फुलेरा की पंचायत में महिला प्रधान के पति प्रधान की तरह काम करते थे और आज दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता के पति भी आधिकारिक मीटिंग में बैठ रहे हैं। इससे पहले भी सीएम के पति आधिकारिक मीटिंग में बैठते थे और इंस्पेक्शन करते हैं, जो पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्होंने पूछा कि परिवारवाद पर पानी पी-पी कर कांग्रेस को गाली देने वाली भाजपा बताए कि ये परिवारवाद नहीं है तो क्या है। सौरभ ने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा कि ऐसा क्या काम है जो सिर्फ परिवार वाला ही कर सकता है। ऐसे क्या कारण हैं कि सीएम अपने पति की अथॉरिटी स्थापित करना चाहती हैं। क्यों इस तरह से अपने पति को सरकारी प्रशासनिक सिस्टम का हिस्सा बनाया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर साझा की है तस्वीर के बारे में बताया कि ये फोटो सीएम रेखा गुप्ता के इंस्टाग्राम से ली गई हैं। सीएमओ के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी यही फोटो डाली हुई हैं। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने अप्रैल 2025 में भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति द्वारा अफसरों की बैठक लेने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से पूछा था कि रेखा गुप्ता के पति सरकार में किस पद पर हैं और अगर नहीं हैं तो किस आधार पर वह अफसरों की बैठक ले रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री पद की शपथ रेखा गुप्ता ने ली है, उनके पति ने नहीं। यह सब दिल्ली में नहीं चलेगा।

### यूईआर-2 टोल टैक्स के विरोध को लेकर बिंदापुर में पंचायत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात में यूईआर-2 टोल टैक्स के विरोध को लेकर बिंदापुर में पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में भारी संख्या में ग्रामीणों, वरिष्ठ नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पंचायत अध्यक्षता पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने की। अध्यक्षता पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने की। मुख्य मुद्दा यूईआर-2 टोल टैक्स रहा, जिसे लेकर लंबे समय से लोगों में नाराजगी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस टोल टैक्स के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। पंचायत के सर्वसम्मति से तय हुआ कि 13 सितंबर को सुबह 10 बजे बक्करवाला-मुंडका टोल पर एक विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों और युवाओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि यूईआर-2 टोल टैक्स किसानों और आम जनता पर जबरन थोप दिया गया है। उनका कहना है कि सरकार को ग्रामीण इलाकों की आवाज सुननी चाहिए और टोल टैक्स को तत्काल प्रभाव से खत्म करना चाहिए। यह भी ऐलान किया गया कि महापंचायत सिर्फ विरोध का मंच नहीं होगी, बल्कि वहां से टोल टैक्स के खिलाफ बड़ी रणनीति का भी ऐलान किया जाएगा। साथ ही, लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूत करें।

### पीएम उदय योजना में दूसरे दिन भी लोगों ने उठाया सिंगल विंडो कैंप फेज-2 का फायदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित पीएम उदय योजना के दूसरे दिन रविवार को लोगों ने सिंगल विंडो कैंप फेज-2 का फायदा उठाया। डीडीए के अनुसार दूसरे दिन पीएम-उदय योजना के तहत रॉयल रियलम कनिष्क गार्डन कॉम्प्लेक्स, कमरुद्दीन नगर मोड नांगलोई, दादा देव वाटिका मधु विहार मेन भारत विहार रोड, कबीर भवन 578 महरौली महिपालपुर रोड, एल ब्लॉक महिपालपुर गांव, बुद्ध विहार सी ब्लॉक गोकलपुरी, धर्म वाटिका, बुद्ध विहार फेस-2, डीडीए कम्युनिटी हॉल बिंदापुर उत्तम नगर, रोज़ पेटल वाटिका स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी स्वरूप नगर, डीडीए कैंप कार्यालय मयूर विहार फेज-2मयूर विहार बस डिपो, जाट धर्मशाला बहादुरगढ़ रोड नजफगढ़, अनाज मंडी के पास और बड़ी चौपाल आली गांव में कैंपों का आयोजन किया गया।

#### मुख्यमंत्री गढ़वाली-कुमाऊंनी-जौनसारी भाषाओं की ग्रीष्मकालीन कक्षाओं के शिक्षकों के सम्मान समारोह में हुई शामिल

# दिल्ली सरकार संस्कृतियों को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार सभी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी भाषाओं को दिल्ली की नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य न केवल भाषाओं का संरक्षण है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुंदर माध्यम है। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी भाषाओं की ग्रीष्मकालीन कक्षाओं के शिक्षकों के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहीं।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बाबा बद्री विशाल और बाबा केदारनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि मातृभाषा से बड़ा कोई वरदान नहीं होता। वह पहला शब्द, जो मां आपके कानों में बोलती है, वही जीवन का आधार बनता है। मातृभाषा हमारी सोच, संस्कृति और पहचान की नींव है। उन्होंने कहा कि दिल्ली एक 'मिली-जुली संस्कृति' का केंद्र है, जहां सभी राज्यों और संस्कृतियों का संगम होता है। यही दिल्ली की खूबसूरती है कि यहां हर त्योहार और परंपरा पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार द्वारा गढ़वाली भाषा अकादमी के पुनर्जीवन और उत्तराखंड दिवस जैसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की पहल का भी उल्लेख किया और कहा कि दिल्ली में रहकर भी अपनी मातृभूमि और मातृभाषा से जुड़े रहना सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से दिल्ली में विविधता और समरसता का अनूठा संगम और मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब अपनी जन्मभूमि की भाषा और संस्कृति को दिल्ली में जीवित रखकर, न केवल अपने बच्चों को पहचान दे रहे हैं, बल्कि दिल्ली को और समृद्ध बना रहे हैं। कार्यक्रम में उत्तराखंड भाषा प्रदेश मंत्री विनोद बछेती, लोक भाषा एवं साहित्य मंच के पदाधिकारी, शिक्षक, छात्र और बड़ी संख्या में संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे।

## ट्रकों के काफिले को झंडी दिखाकर किया रवाना

# प्रदेश भाजपा ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भेजी 52 ट्रक राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदेश सह प्रभारी डॉ.अलका गुर्जर एवं अन्य गणमान्य नेताओं की उपस्थिति में पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आज दिल्ली भाजपा कार्यालय से राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों के काफिले को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पर दिल्ली सरकार के सभी कैबिनेट मंत्री और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पंजाब में जो संकट है उसमें आज पूरा देश आज पंजाब के साथ खड़ा है। लगातार जिस प्रकार की त्रासदी हम देख रहे हैं उसके चलते दिल्ली वालों ने भी इस बात का संकल्प लिया कि हमें भी पंजाब के साथ खड़ा होना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा लगातार पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई हुई आपदा की समीक्षा कर रहे हैं और एक संगठन के रूप में हमने यह सीखा है कि जहां संगठन का कर्तव्य सेवा है। सचदेवा ने कहा कि आज सेवा ही संगठन के स्वभाव के साथ पंजाब को हम सहायता सामग्री भेज रहे हैं क्योंकि आज पंजाब को हमारी जरूरत है। यह कोई एहसान नहीं है बल्कि एक मानवता है जब किसी को कष्ट के वक्त हम उसके साथ खड़े होते है। भाजपा का संगठन भी यही सिखाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री फंड में हमारी मुख्यमंत्री जी ने पांच करोड़ रुपये सहायता राशि के रूप में दी।सचदेवा ने कहा कि हमने पंजाब के लोगों से बात की और साथ ही वहां जो हमारा संगठन है उससे बात की तो वहां स्थिति को संभालने के लिए राशन तो है लेकिन उसे बनाने एवं रखने के लिए साधन नहीं है। इसलिए हमने बर्तन के अलावा मच्छरदानी, ब्लैंकेट एवं तिरपाल, दवाइयां, पहनने के लिए जूते एवं चप्पल सहित कई सामग्री आज भेजी जा रही है और यह हमारा प्रयास है उस राज्य के लोगों के लिए जो देश के अन्नदाता के साथ ही सीमा प्रहरी भी हैं। यह पहला प्रयास है और हम आगे भी इस सेवा को बढ़ाएंगे। अपना कर्तव्य समझकर इन ट्रकों को रवाना कर रहे हैं जो जालंधर जाएंगे और वहां से जिन क्षेत्रों में जरूरत होगी वहां समान जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राहत सामग्री से भरे ट्रकों को पंजाब भेजते हुए कहा कि पंजाब में आई बाढ़ ने हजारों परिवारों को बेघर और बेसहारा कर दिया है। ऐसे कठिन समय में दिल्ली सरकार उनका दर्द बांटने और हर संभव सहयोग देने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह राहत सामग्री केवल सामान नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों का स्नेह और समर्थन है, जो पंजाब के भाइयों और बहनों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन ट्रकों में खाद्यान्न, पीने का पानी, कपड़े, तिरपाल, दवाइयां, सैनिटरी किट, बच्चों के लिए दूध पाउडर और रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री बताया कि राहत सामग्री के अतिरिक्त दिल्ली सरकार ने 5 करोड़ रुपये की राशि पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में भी भेजी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की आवश्यकता अनुसार दिल्ली हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने स्वयं पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर आश्वासन दिया है कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, दिल्ली अपने पंजाब के भाई-बहनों का हाथ थामे रहेगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब केवल पड़ोसी राज्य नहीं हैं, बल्कि भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। पूरा देश वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से चलता है। इस वक्त प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश एवं पंजाब उलझन एवं तकलीफ में है और हमें इस मुसीबत के वक्त एक दूसरे का हाथ पकड़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा पंजाब हमारे देश का नवरत्न राज्य है जिसने हमेशा देश एवं दुनिया को सहयोग दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना की कि ईश्वर पंजाब की जनता को जल्द इस कष्ट से उबारे और उन्हें सामान्य जीवन में लौटने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब की मदद करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि अगर देश का दिल दिल्ली में धड़कता है तो दिल्ली की धड़कन पंजाब में बसती है।

## समय से खोलें दुकानें, राशन से वंचित न रहे कोई उपभोक्ता: सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- इस माह अब तक वितरित हो चुका है लगभग 57 प्रतिशत मुफ्त राशन, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा
- दुकानों के बाहर अनिवार्य जानकारी जैसे सतर्कता कमेटी के विवरण, श्रेणी-वार पात्रताएं, स्टॉक की स्थिति, लाभार्थियों की संख्या, हेल्पलाइन नंबर तथा ओएनओआरसी पात्रता मानदंड प्रमुखता से करें प्रदर्शित

दिल्ली में उचित मूल्य की दुकानें निर्धारित समयानुसार खुलें और दिल्ली में कोई भी पात्र नागरिक राशन से वंचित न रहे। इसके अलावा दुकानों के बाहर अनिवार्य जानकारी जैसे सतर्कता कमेटी के विवरण, श्रेणी-वार पात्रताएं, स्टॉक की स्थिति, लाभार्थियों की संख्या, हेल्पलाइन नंबर तथा ओएनओआरसी पात्रता मानदंड प्रमुखता से प्रदर्शित होने चाहिए। यह निर्देश रविवार को दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विभाग के अधिकारियों को दिए। गौरतलब कि मंत्री सिरसा ने रविवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने मंत्री सिरसा को बताया कि एनएफएसए के अंतर्गत सितंबर महीने का राशन लाभार्थियों को मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) योजना के तहत पात्र प्रवासी लाभार्थी भी शामिल हैं। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि आज तक सितंबर के राशन कोटे का करीब 57 प्रतिशत वितरित हो चुका है, साथ ही ओएनओआरसी के तहत अभी तक सितंबर माह में 1 लाख 45 हजार 610 प्रवासी लाभार्थियों ने अपना राशन प्राप्त किया है। मानसून के मौसम में भी राशन वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। उल्लेखनीय है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग 72,77,975 एनएफएसए लाभार्थियों को राशन वस्तुएं जैसे गेहूं, चावल और चीनी उपलब्ध कराता रहा है, जिसमें प्राथमिकता वाले परिवार (पीआर/पीआरएस) और अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) श्रेणियां भारत सरकार के आवंटन के अनुसार शामिल हैं। मंत्री सिरसा ने कहा कि मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फेयर प्राइस शॉप्स का संचालन जारी रखें और किसी को भी राशन से वंचित न होने दें। राजस्व विभाग के साथ समन्वय से जरूरतमंदों को तैयार भोजन के पैकेट भी दिल्ली सरकार उपलब्ध करा रही हैं।

### मशक्कत...



नई दिल्ली। कीचड़ से भरे क्षेत्र की सफाई करते लोग। फोटो : एजेंसी



यमुना का जलस्तर कम होने के बाद पुल के नीचे सामान इकट्ठा करते लोग।



अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करती महिलाएं। फोटो : एजेंसी

## डीएमआरसी ने यात्रियों के लिए यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के खोले दरवाजे

**नई दिल्ली।** यमुना में बाढ़ के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एहतियात के चलते यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन तक जाने वाला संपर्क मार्ग को 4 सितंबर 2025 को अस्थाई रूप से बंद कर दिया था। डीएमआरसी ने यह कदम बाढ़ के गंभीर हालात को देखते हुए उठाया था। लेकिन इस दौरान भी यमुना बैंक स्टेशन पर यात्रियों के लिए इंटरजेंच स्टेशन की सुविधा चालू रखी थी। यानी यात्री यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के अंदर उतरकर दूसरी लाइन के लिए मेट्रो पकड़ सकते थे। मगर बाढ़ के चलते स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वारों को एहतियात के चलते यात्रियों के लिए अगले आदेश तक बंद कर दिया था। डीएमआरसी ने रविवार को पुन यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन तक जाने वाले संपर्क मार्ग को खोलने की जानकारी अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके दी।

## राहत शिविरों में रह रहे लोगों को नहीं मिल रही है बुनियादी सुविधाए : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बाढ़ राहत कैंपों में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे लोगों को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने सरकार को राहत कैंपों में जाकर वहां रह रहे लोगों की दुर्दशा को देखने और उनकी तत्काल मदद करने की मांग की है। प्रेसवार्ता में आतिशी ने कहा कि आप दिल्ली के किसी भी हिस्से में जाइए चाहे शालीमार बाग, राजौरी गार्डन, तिलक नगर, पटपड़गंज, तुगलकाबाद या ग्रेटर कैलाश हो चाहे कनॉट प्लेस हर जगह पानी भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जिन हिस्सों में बाढ़ आई है उनकी जिंदगी दर्दनाक हो गई है। उनके घरों में पानी भर गया है लेकिन सरकार उन्हें कोई मदद नहीं दे पाई। आतिशी ने कहा कि आप राहत शिविर में जाइए उनका हाल देखिए। राहत शिविर को लोगों के घरों से 5-5 किलोमीटर दूर बनाया गया है। ऐसी जगह पर बनाया गया है जहां लोग जाने को तैयार नहीं हैं। वहां पर पंखे नहीं है, कई कैंप्स में बिजली नहीं है। खाना नहीं है, टॉयलेट में साफ सफाई नहीं है। टॉयलेट में पानी सप्लाई नहीं है। अगर आप कैंप में जाइए तो लोग एक ही चीज कह रहे हैं कि कोई हमें देखने नहीं आया।

## बाढ़ से किसानों की फसलें हो चुकी है खराब, सरकार प्रति एकड़ एक लाख रुपए दे मुआवजा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि बाढ़ से नुकसान हुई फसलों से राहत देने के लिए किसानों को तुरंत मुआवजा दिया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि दिल्ली में बाढ़ के कारण लगभग 50 गावों के किसानों की खड़ी फसल पानी में डूबने से हुए नुकसान पर दिल्ली सरकार को किसानों को प्रति एकड़ एक लाख रुपये वित्तीय मुआवजा देना चाहिए। यादव ने कहा कि पल्ला, हिरंकी, बक्तावरपुर, सुंगरपुर , तिगीपुर, जगतपुर और बुराड़ी सहित करीब 50 गांवों की कृषि भूमि पानी में पूरी तरह डूब गई है। पीड़ित किसानों को आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। अधिकांश किसान कर्ज लेकर खेती बाड़ी के द्वारा परिवार का पालन पोषण करते है। ऐसे में बाढ़ के कारण हुए नुकसान के बाद इन किसानों के समक्ष गंभीर हालात पैदा हो रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में दिल्ली देहात के किसानों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा का समर्थन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लेकिन रेखा गुप्ता सरकार ने मानसून की बारिश से बर्बाद हुए किसानों की दुर्दशा को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोगों के साथ-साथ किसान भी यमुना में बाढ़ की चपेट में आ गए है।

## डूसू चुनाव जीतने के लिए यादव ने बुलाई बैठक

नई दिल्ली। आगामी डूसू चुनावों को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने तैयारियां शुरू करते हुए रविवार को एक बैठक बुलाई जिसमें चारों सीटों पर जीत के लिए मंथन हुआ और रणनीति पर गहन चर्चा हुई। यादव ने बैठक में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में एनएसयूआई उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीति के तहत योजना बनाई है। बैठक में यादव के अलावा पूर्व मंत्री डा नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, दिल्ली कांग्रेस प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, तस्वीर सौलंकी, अक्षय लाकड़ा, आशीष लांबा, नीतू वर्मा, तरुण त्यागी, एनएसयूआई प्रभारी मंजू शर्मा, हनीफ बग्गा आदि मौजूद थे। यादव ने डूसू चुनावों को मजबूती से लड़ने के लिए उपस्थित लोगों के साथ विस्तृत चर्चा की। केवल एनएसयूआई की जीत ही छात्र राजनीति के भगवाकरण और ध्रुवीकरण को रोक सकती है क्योंकि एनएसयूआई की जीत दिल्ली विश्वविद्यालय में समग्र रूप से छात्र समुदाय के लिए एक जीत होगी। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की तरह कोई अन्य काई छात्र संगठन विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं और मांगों को बलपूर्वक नहीं उठाता है। यादव ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के कॉलेजों के साथ-साथ कैंपस कॉलेजों पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दें ताकि छात्रों एनएसयूआई उम्मीदवारों के पक्ष में जुटाया जा सके और कांग्रेस पार्टी के संदेश और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा देश और लोगों को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर छात्र समुदाय को देश की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया जा सके।

# दिल्ली को स्पोर्ट्स हब बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने किया नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन

हमारी सरकार की कोशिश है कि दिल्ली स्पोर्ट्स का हब बने और यहां के स्टेडियम व खेल परिसर इंटरनेशनल क्वालिटी के हो। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज त्यागराज स्टेडियम में नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारी सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेताओं को 7 करोड़ रुपये, सिल्वर विजेताओं को 5 करोड़ और ब्रॉन्ज विजेताओं को 3 करोड़ रुपये का पुरस्कार दे रही है। इसके साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उभरते खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता देने के लिए भी नई योजनाएं शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का अहम हिस्सा है और दिल्ली इस दिशा में हरसंभव योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देशभर से आए लगभग 3000 खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि उम्मीद है कि यहां से निकलकर कई खिलाड़ी भारत का नाम ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन करेंगे। उन्होंने मनिका बत्रा और पायस जैन का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए शुभकामनाएं दीं और शुभकामनाएं दी कि वे भारत के लिए पदक लेकर लौटें। मुख्यमंत्री ने द्रोणाचार्य अवार्डी संदीप गुप्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों से दिल्ली में टेबल टेनिस को नई पहचान दिलाई है और हजारों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे बढ़ें और देश व दिल्ली का गौरव बढ़ाएं।


### दिल्ली में घटा यमुना का जलस्तर

# जल्द पटरी पर लौटेगा प्रभावित इलाकों में जनजीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना का जलस्तर कम होने से प्रभावित इलाकों में जनजीवन पटरी में लौटने लगा है। बाढ़ का पानी निकलने से तीन दिन से कश्मीरी गेट के पास बंद मोनेस्ट्री मार्केट की दुकानें खुल गई हैं। वहीं, यमुना बाजार के निकट यमुना किनारे बने घरों से पानी उतरा तो लोगों ने अपना जीवन फिर से घरों में शुरू करने के लिए गृहस्थी फिर से बसानी शुरू कर दी है। साथ ही लोग मिलकर गाद की सफाई में जुट गए हैं। पूर्वी दिल्ली में भी डूब क्षेत्र में बसे गढ़ी मेंढू गांव में भी लोग अपने घरों का रुख करने लगे हैं।

हालांकि डूब क्षेत्र में बनी झुग्गी में रहने वाले लोग अब भी राहत शिविर कैंपों में हैं तब तक मिट्टी सूख नहीं जाती है जब तक वह कैंप में रहेंगे।



ऐसे में अभी 15 दिन पूरी तरह जीवन पटरी पर लौटने में लग जाएंगे। यमुना का जलस्तर उतरने से मजनू का टीला स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में राहत शिविर में रह रहे परिवार भी अपने घरों में लौट रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग अभी वहीं रह रहे हैं। उनका कहना है कि गाद पूरी तरह साफ नहीं हुई है। इसी तरह राजघाट रोड पर बनाए गए शिविर में करीब एक हजार से अधिक प्रभावित लोग अब भी टेंट में रह रहे हैं।

### यमुना का जलस्तर घटकर 205.35 मीटर पर आया

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शाम आठ बजे दिल्ली के लोहे के पुल पर यमुना का जलस्तर घटकर 205.35 मीटर पर आ गया था। हालांकि अधिकारियों को कहना है कि रात में यमुना का जलस्तर घटकर खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे आ जाएगा। डीडीए द्वारा कश्मीरी गेट पर बनाए गए वासुदेव घाट पर पानी उतर गया है और सफाई शुरू कर दी गई है। गाद को मशीनों के साथ श्रमिकों के जरिये भी साफ किया जा रहा है। यहां मंगलवार और रविवार को यमुना आरती होती है। ऐसे में प्रशासन की कोशिश है कि मंगलवार तक इसे आरती के लिए तैयार कर दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

### कुशल ठाकुर भाजयुमो के मेवात के प्रभारी नियुक्त

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के युवा भाजपा नेता कुशल ठाकुर को युवा भाजपा का मेवात जिले का प्रभारी



बनाया गया है। ठाकुर भाजपा में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं, सक्रियता उनके कार्य को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा के पूर्व प्रभारी बिलप्ब कुमार देव, महानगर के अध्यक्ष सोहनपाल सिंह और भाजपा भाजयुमो के समस्त शीर्ष नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार जताया है।

### ननि ने कुत्तों का नसबंदी अभियान जारी किया

**फरीदाबाद।** निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतीश परवाल ने



जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों अनुसार नगर निगम फरीदाबाद की ओर से चलाए जा रहे आवारा, सामुदायिक कुत्तों को पकड़ने एवं नसबंदी कराने के अभियान के जारी किया गया।

### फरीदाबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा एवं आरडब्लूए ओमेक्स हाइट-86 द्वारा जीवन रक्षक रक्तदान अभियान में 39 यूनिट रक्त एकत्रित किया। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जीवन रक्षक रक्त दान अभियान चलाया जा रहा है। आज ओमैक्स हाइट सेक्टर.86ए के आरडब्लूए के साथ मिलकर संतों का गुरुद्वारा के सहयोग से रक्त दान शिविर लगाया गया।

### अंतिम संस्कार होने के दो दिन बाद घर पहुंचा लेबर

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। परिजनों ने जिस व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर दिया था, वही दो दिन बाद सकुशल घर लौट आया। इस घटना ने परिजनों और पड़ोसियों को स्तब्ध कर दिया। दरअसल, लेबर कॉन्ट्रेक्टर का काम करने वाले 47 वर्षीय पूजन प्रसाद अगस्त के आखिर में लापता हो गए थे।

### निस्तारण को लेकर जीडीए उपाध्यक्ष सख्त

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)



उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण कार्यालय में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण को लेकर सभी ज़ोनल अधिकारियों एवं उनकी टीम के साथ समीक्षा बैठक की। अवगत कराया गया कि अब तक कुल 6967 आईजीआरएस प्रकरणों में से 6832 का निस्तारण किया जा चुका है।

# प्रदेश के विकास में सैनी समाज का अहम योगदानः प्रधान सैनी

## सैनी समाज ने चौबीसी पाल की बैठक का आयोजन किया गया, सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के सारन में सैनी समाज चौबीसी पाल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सैनी समाज चौबीसी पाल के प्रधान नारायण सैनी ने की। इस अवसर पर सैनी समाज चौबीसी पाल के उपप्रधान जीतमल सैनी, गिर्राज सैनी, वीर सिंह सैनी, देवी सैनी सहित कार्यकारिणी के सदस्य के अलावा मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी भी मौजूद थे। बैठक में सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सैनी समाज चौबीसी द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं आगामी रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई।

**प्रदेश के विकास में सैनी समाज का अहम योगदान**



*प्रधान नारायण सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के विकास में सैनी समाज का अहम योगदान है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन मंद सभी वर्गों के हितों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति तक पहुंच रहा है। नारायण सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे है। बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे है। सरकार द्वारा बेटियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले में महिला कॉलेज बनाए गए है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले का कार्य सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। युवाओं को नशे से दूरा रहना चाहिए। युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए और देश व प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है।*

### किसान आधुनिक तरीके से खेती करें मजबूत बनें

सैनी समाज कृषि कार्यों से जुड़ा हुआ है। इसलिए समाज के लोगों को सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परम्परागत खेती को छोड़कर बागवानी की खेती करें। बागवानी की खेती नकदी फसलों में आती है। किसान फल, फूल व सब्जियों की खेती करें। इसके अलावा आधुनिक तरीके से खेती करें और आर्थिक रूप से मजबूत बनें।

## निगम आयुक्त ने सैनिक कॉलोनी पहुंच कर किया श्रमदान

# कर्मचारी और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर गंदगी के ढेरों को हटवायाः खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर प्रदेशभर में जनजागरण व स्वच्छता की लहर देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारी, सामाजिक संस्थाएं और स्थानीय लोग एकजुट होकर स्वच्छता कार्यों में जुट गए हैं। यह अभियान अब पूरे जोरों पर चल रहा है।

इसी कड़ी में आज नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा स्वयं सैनिक कॉलोनी पहुंचे और स्थानीय निवासियों व मार्केट एसोसिएशन के साथ मिलकर



सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नालियों, सड़कों और बाजार क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाने का कार्य करते हुए श्रमदान किया और दुकानदारों एवं आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

निगम आयुक्त ने साफ संदेश दिया कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आस पास का वातावरण स्वच्छ रखे गंदगी ना फैलाए। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं का स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने पर धन्यवाद भी जताया। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सैनिक कॉलोनी के साथ-साथ आसपास की अन्य कॉलोनियों का भी निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि गली-मोहल्लों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर कई सामाजिक संस्थाएं भी सक्रिय रूप से जुड़ीं और स्थानीय युवाओं ने सफाई अभियान में बढ़.चढक़र हिस्सा लिया। संस्थाओं ने लोगों को पॉलिथिन का प्रयोग न करने, कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा गंदगी फैलाने से बचने का संदेश दिया।

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा चलाए जा रहे 11 साप्ताहिक हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को हम सब मिलकर जनआंदोलन का रूप देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए तो फरीदाबाद सहित पूरे प्रदेश में स्वच्छता की एक नई मिसाल कायम होगी। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहरों में बढ़ रहे अतिक्रमण को भी न होने दे अतिक्रमण के खिलाफ भी लगातार लोगों को जागरुक करते रहे और निगम के नियमों को न मानने वालों पर कार्रवाई करें।

## नग्नावस्था में मिला शव

# मानेसर में विदेशी महिला की हत्या कर शव फ्लाइओवर के नीचे फेंका

धर्मेंद्र कोशिक ▶▶ गुरुग्राम

आईएमटी मानेसर एरिया में विदेशी महिला की हत्या कर फ्लाईओवर से नीचे शव फेंकने का मामला सामने आया है। महिला का शव नग्नावस्था में मिला है। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम को मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरु कर दी।

- पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की

जानकारी अनुसार, आईएमटी मानेसर एरिया में फ्लाईओवर के नीचे किसी ने रविवार की सुबह एक महिला का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। शव नग्नावस्था में था, पुलिस को शव से कुछ दूरी पर कपड़े भी मिले। महिला के शरीर पर चोटों के काफी निशान थे। जिसके बाद एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम को मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक महिला की उम्र 35 साल के करीब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह अफ्रीकी देश युगांडा की रहने वाली थी। महिला सैक्स वर्कर थी, जिसे पैसे देकर ले जाया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों के निशान हैं।

पुलिस का मानना है कि हत्या कहीं ओर जगह कर शव यहां फेंका गया है। शव को अंधेरे में ही यहां फेंका गया है। मौके से ऐसे कोई कागज या पहचान पत्र नहीं मिले, जिससे महिला की पहचान हो सके। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, ताकि मामले का खुलासा हो सके।

**विदेश मंत्रालय से संपर्कः** पुलिस प्रवक्ता संदीप ने बताया कि मृतका की पहचान कराने के लिए उनकी स्थानीय और राष्ट्रीय रिकॉड्र्स से मिलान करने का प्रयास जारी है। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय और संबंधित भारतीय मिशन से संपर्क स्थापित किया गया है ताकि पता लगाया जा सके कि महिला विदेशी नागरिक कौन थी और उसे आखिरी बार कहां देखा गया था। भारत में वह कहां रह रही थी।

## एक हुआ पुलिस की गोली से घायल

# व्यापारी के घर घुसकर लूट करने वाले तीन लुटेरों समेत पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कविनगर पुलिस ने शनिवार की रात में मुखर्जी पार्क चौराहे के पास विवेकानन्द फ्लाई ओवर की तरफ चौकी औद्योगिक क्षेत्र हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से एक लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी भास्कर वर्मा के मुताबिक इन लुटेरों ने 25अगस्त को व्यापारी अचल सिंघल के राजनगर स्थित घर मे घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उनके कब्जे से एक तंमचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, चैन के 2 टूकड़े पीली धातु व घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साईकिल बरामद हुई है। तभी से पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही थी। वर्मा ने बताया कि विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान इलैक्ट्रोनिक साक्ष्यो ( सीडीआर /सीसीटीवी फुटेज ) व मैनुअल इन्टैलीजेन्स व मैनुअल मुखबिर के आधार पर दि चेकिंग के दौरान पुलिस ने दिनेश निवासी ग्राम सातलपुर थाना आदमपुर जिला अमरोहा ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की और दिनेश घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने जोगेन्द्र उर्फ जौली पुत्र भगवत सिंह निवासी देहला नगला थाना डिडौली अमरोहा व अरुण कुमार निवासी ग्राम मंजीतपुरा थाना डिडोली जिला अमरोहा को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछने में आरोपियों ने बताया कि 25 अगस्त को हम आपराधिक घटना कारित करने जा रहे थे, किन्तु पुलिस की सतर्कता के कारण उक्त घटना को कारित नहीं कर पाये थे । हम लोग आस पास के क्षेत्रों में स्नैचिंग की घटना को अंजाम देते हैं। आज पुनः रैकी कर आपराधिक घटना को कारित करने के लिए आए थे।

## रेफर मुक्त संघर्ष समिति का धरना 282वें दिन भी रहा जारी

# कई सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों ने किया मांगों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा सिविल अस्पताल के बाहर चल रहा धरना आज 282 वें दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर एनिमल सोल्जर फरीदाबाद संस्थापक प्रदीप कुमार, श्री राधे युवा सेवा शक्ति संस्थापक पवन तिवारी, प्रफुल्ल, प्रभात, अनूप चौबे अमित इंडस्ट्री,रजनी भाटिया, मंजू यादव, श्रीनिवास तिवारी, शिवम, इंद्रेश, आकाश, शिव, गुनगुन सहित अन्य समाजसेवियों ने बीके चौक स्थित धरना स्थल पर पहुंचे और फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा को अपना समर्थन पत्र सौंपा। उपस्थित लोगों को



संबोधित करते हुए सतीश चोपड़ा ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर संजय भाटिया व उनकी टीम के नेतृत्व में यह धरना पिछले 282 दिनों से शांतिपूर्वक चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जब तक फरीदाबाद में ए ग्रेड का ट्रोमा सैन्टर निर्माण शुरू नहीं हो जाता उनका धरना तब तक जारी रहेगा। सरकार द्वारा उनकी ज्यादातर मांगों को मान लिया है कुछ मांगों पर कार्य भी शुरू कर दिया। जिसके लिए वह उनकी टीम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव व सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर अवधेश कुमार ओझा, विकास कुशवाहा, राजेश अहलावत, प्रमोद भड़ाना, ज्योति, सुनील कुमार, आशीष, सुरेंद्र यादव, सतेंद्र शर्मा आदि।

# नशेड़ी पति ने पत्नी का गला घोंटकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

खोड़ा कालोनी में एक नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी को गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में हत्या का कारण पति-पत्नी के बीच कलह है। पति नशे का आदी है। वह पहले भी अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में जेल जा चुका है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र खोड़ा में एक महिला का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों में होने की सूचना थाना खोड़ा पुलिस को प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका की पहचान 35 वर्षीय संत कुमारी के रूप में हुई। पुलिस जांच पड़ताल में महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया।

### रालोद का मुरादनगर विधानसभा सदस्यता अभियान शुरू

**गाजियाबाद।** मुरादनगर राणा फार्म हाउस में विधानसभा अध्यक्ष मुरादनगर अरुण शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में चलाया। संचालन नीरज नवीपुर ने किया पंडित अरुण शर्मा द्वारा सभी को माला पहनाकर व पटका मोमेंटो देकर सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

अलग-अलग कंपनियों के 265 मोबाइल परिजनों को लौटाए, खिले उठे चेहरे

# गाजियाबाद पुलिस ने एक करोड़ रुपए के मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद (हिंडन जोन), के सभी थानों व सर्विलांस व स्वॉट टीम ने भिन्न-भिन्न कंपनियों के कुल 265 मोबाइल रिकवर कर मोबाइल फोन स्वामियों को लौटाए गए। इन मोबाइल फोनों की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है। खोए फोन प्राप्त कर स्वामियों के चेहरे खिल उठे। डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सीईआईआर (सेन्ट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर ट्रांस हिंडन जोन



कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल फोन चोरी, स्नैचिंग लूट व मोबाइल फोन खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ट्रांस हिंडन जोन पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। पुलिस ने अलग-अलग कंपनियों के कुल 265 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ रुपए की बरामदगी की गई है। चोरी, स्नेचिंग/लूट व खोए हुए मोबाइल फोन को देश के विभिन्न राज्यो (हरियाणा, बिहार, दिल्ली एनसीआर आदि) में से बरामद किया गया है।

### थानावार मोबाइल फोन बरामदगी

थाना इन्दिरापुरम – 50
थाना कौशाम्बी – 54
थाना खोड़ा – 30
थाना साहिबाबाद – 32
थाना लिंकरोड़ – 35
थाना शालीमार गार्डन – 30
थाना टीलामोड़ – 34
बरामदगी
चोरी किये हुए मोबाइल फोन-15
गुमशुदगी के मोबाइल फोन- 241
स्नेचिंग/लूट किए हुए मोबाइल फोन- 09

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेंद्र पुत्र** नोरत्तम **निवासी** बेगा बॉन्ड, नंद नगरी, दिल्ली ने **FIR No. 600/2019, U/S 380/511 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 600/2019, U/S 380/511 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **महेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11975/NE/2025**
**(Court Matter)**

**PUBLIC NOTICE**

**Enerparc Power Trading Private Limited**

**Municipal No 58, 4thFloor, No.401, Brigade Road, Mahatma Gandhi Road, Bangalore North, Bangalore- 560001, Karnataka**

**Notice under sub-section (2) of Section 15 of the Electricity Act, 2003**

1. The person above-named, a Private Limited Company incorporated under the Companies Act, 2013 has made an application under sub-section (1) of Section 15 of the Electricity Act, 2003 for grant of Category V license for inter State trading in electricity in Pan India before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi. The necessary details in respect of the applicant are given hereunder:

i) Authorized, issued, subscribed and paid-up capital.

| | | |
|---|---|---|
| a. | Authorized Share Capital | Rs. 3,00,00,000/- |
| b. | Issued Share Capital | Rs. 3,00,00,000/- |
| c. | Subscribed & Paid-up share capital | Rs. 3,00,00,000/- |

ii) Shareholding pattern

| Name of the Shareholder | Citizenship | Residential Status | No. of Shares | % of share of the total paid up capital |
|---|---|---|---|---|
| Enerparc Energy Private Limited | India | Resident | 29,99,999 | 99.99 |

iii) Financial strength. - **ABHIJIT D. TAMBADE,** (MBA-Finance), Manager, with over 19 years of experience in Finance. Technical strength - **PARASHURAM JOTEPPANAVAR,** Deputy Manager, is a professional with solid experience in Power system operations and Power Trading with over 8 years of techno-commercial experience of working across domains.

iv) Management Profile of the applicant including details of past experience of the applicant and/or the persons on the management of the applicant in generation, transmission, distribution and trading of electricity or similar activity. - Mr. **PARASHURAM JOTEPPANAVAR: Over 8 Years of Experience in Power system operations, planning and Regulatory compliances.**

v) Volume of electricity intended to be traded during the first year after grant of license and future plans of the applicant to expand volume of trading. - **As allowable under category V**

vi) Geographical areas within which the applicant will undertake trading in electricity; - **Pan India**

vii) Net worth as on 31st March of three consecutive years immediately preceding the year of application or for such lesser period as may be applicable- **Rs. 2,16,82,557/-** as on **31.03.2025;** and as on date of the special balance sheet accompanying the application- **Rs. 2,33,17,955/-** as on **15.08.2025.**

viii) Year-wise current ratio and liquidity ratio of the applicant for three years preceding the year in which the application is made, or for such lesser period as may be applicable- **8.58** and **8.58** as on **31.03.2025;** and as on the date of the special balance sheet accompanying the application: **6.06** and **6.06** as on **15.08.2025.**

ix) (a) A statement whether the applicant is authorized to undertake trading in electricity under the Memorandum of Association or any other document. - **Yes**

(b) If so, reproduce the specific provision of Memorandum of Association or any other document authorizing trading in electricity. - **"3 (a) THE OBJECTS TO BE PURSUED BY THE COMPANY ON ITS INCORPORATION ARE:** To establish, operate, maintain, manage facilities of Powertrading in Indian Energy Exchange Limited (IEX) or other platforms and carry out business of manufacturing, suppliers, dealers, traders, importers, exporters, installation, and operation of all form of electricity including renewable energy sources including solar, or any other form, kind or description of renewable energy that has been or may be developed or invented in future design or otherwise acquire to use, sell, transfer or otherwise dispose of renewable energy and any other Solar based devices used in households, industry and commercial establishments."

x) Details of cases, if any, where the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been declared insolvent and has not been discharged. - **None**

xi) Details of the cases, if any, in which the applicant or any of his associates or partners or promoters or Directors has been convicted of an offence involving moral turpitude, fraud or any economic offence during the previous three years preceding the year of making the application and the year of making of applicant and the date of release of the above person from imprisonment, if any, consequent to such conviction.- None

xii) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever refused licence, and if so, the detailed particular of the application, date of making application, date of order refusing licence and reasons for such refusal. **NA**

xiii) Whether the applicant has been granted a licence for transmission of electricity. - **No**

xiv) Whether an order canceling the licence of the applicant, or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors has been passed by the Commission. - **None**

xv) Whether the applicant or any of his associates, or partners, or promoters, or Directors was ever found guilty in any proceedings for contravention non-compliance of any of the provisions of the Act or the rules or the regulations made thereunder, or an order made by the Appropriate Commission, during the year of making the application or five years immediately preceding that year? – **No**

2. The application made and other documents filed before the Commission are available for inspection by any person with Mr. Kalyanram Udathu, Director, 4th Floor, Unit No 401, Municipal No. 58, HM Towers, Brigade Road, Bengaluru Urban, Bengaluru, Bengaluru Urban, Karnataka-560001, India, Mobile: +91-9611801667 Email: energy.trading@enerparc.in

3. The application made and other documents filed before the Commission have been posted on https://enerparc.in/energy-trading/

4. Objections or suggestions, if any, on the application made before the Commission may be sent to the Secretary, Central Electricity Regulatory Commission, 6th, 7th & 8th Floors, Tower B, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi- 110029, Ph:+91-11- 26189709, Fax:+91-11-20904365 within 30 days of publication of this notice, with a copy to the applicant.

5. No objections or suggestions shall be considered by the Commission if received after expiry of 30 days of publication of this notice.

**Date:** September 8,2025
**Place:** Bengaluru

Sd/-
**Kalyanram Udathu**
Director

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी टैरिफ को 'ट्रंप आतंक': मायावती



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए भारी टैरिफ वृद्धि की कड़ी निंदा की है और इसे ट्रंप टैरिफ आतंक" कहा। उन्होंने केंद्र सरकार से टैरिफ के बाद उत्पन्न स्थिति से निपटने कड़े कदम उठाने की अपील की। कहा कि बहुत ही जरूरी है कि केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से जनता के हित के लिए कड़े और सार्थक सुधार की शुरुआत की जाए।

### 28 करोड़ के कम्प्यूटर-प्रिंटर खरीद में खेल




**लखनऊ।** यूपी में राज्य कर विभाग में 28 करोड़ रुपये की कम्प्यूटर-प्रिंटर की खरीद में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद प्रमुख सचिव राज्य कर के निर्देश पर शासन ने पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। इन शिकायतों की गोपनीय जांच में पाया गया कि कुछ खास फर्मों को उपकृत करने के लिए विशेष क्लॉज जोड़ दिए गए। जांच में इन फर्मों से विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई है।

### एक दूसरे को बचाने में डूबीं 2 सगी बहनें



**भागलपुर।** यहां दो सगी बहनें गंगा नदी में नहाते डूब गईं जबकि उनके साथ नहा रहीं दो बच्चियां बाल बाल बचीं। नारायणपुर के काली मंदिर घाट पर रविवार की सुबह की घटना है। मृतक छात्रा नवटोलिया गांव निवासी बाबुल झा की दो पुत्री ग्यारहवी कक्षा में पढ़ने वाली 15 वर्षीय मौसम व कक्षा दो में पढ़ने वाली सात वर्षीय परी कुमारी थीं। दोनों के शवों की तलाश की जा रही है।

50 हजार में बेच दिया अपना बच्चा

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया ऐक्शन,मां-बाप को मिला वापस

एजेंसी ▸▸ पलामू



झारखंड में गरीबी के चलते एक महीने के बच्चे को उसके पिता ने 50 हजार रुपए में बेच दिया था। मामला सामने आते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मामले पर संज्ञान लिया। सीएम ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए और बच्चे को बरामद कर लिया गया।

लेस्लीगंज सर्किल ऑफिसर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दंपति ने गरीबी के चलते अपने नवजात बेटे को एक दूसरे दंपति को बेच दिया। मामला उजागर होते ही जिला प्रशासन ने परिवार की मदद के लिए 20 किलो राशन दिया।

बच्चे के पिता रामचंद्र राम ने कहा कि मेरे पास न तो इलाज के लिए पैसे थे और न ही बच्चों के लिए भोजन का इंतजाम कर सकता था।

## यूपी में अब विवाहित बेटियों को कृषि जमीन में हिस्सा देने की तैयारी!

*उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार लेने जा रही बड़ा फैसला*

यूपी में महिलाओं के अधिकारों में महत्वपूर्ण बदलाव आने वाला है। राज्य सरकार ने शादीशुदा बेटियों को पिता की कृषि भूमि में बराबर हिस्सेदारी देने के लिए प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे पिछले भेदभावपूर्ण प्रावधानों को समाप्त किया जाएगा। वर्तमान में शादीशुदा बेटियों को जमीन में हिस्सा नहीं मिलता है।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के अधिकारों को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब तक शादीशुदा बेटियों को पिता की कृषि भूमि में हिस्सा नहीं मिलता था, लेकिन जल्द ही यह स्थिति बदल सकती है। राजस्व परिषद ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है और इसी माह इसे शासन को भेजा जाएगा। फिलहाल उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 108 (2) के तहत किसी पुरुष भूमिधर के निधन के बाद जमीन का नामांतरण केवल उसकी विधवा, पुत्र और अविवाहित पुत्री के नाम किया जाता है। शादीशुदा बेटियों को इस अधिकार से बाहर रखा गया है। यही कारण है कि लंबे समय से इस प्रावधान को भेदभावपूर्ण मानते हुए संशोधन की मांग उठ रही थी।

**कानून में बदलाव होने की संभावना**

**इसी माह इसे शासन को भेजा जाएगा**

### क्या बदलेगा नियम



प्रस्तावित संशोधन में धारा-108 से विवाहित और अविवाहित जैसे शब्द हटा दिए जाएंगे। इसके बाद शादीशुदा बेटियों को भी उतना ही अधिकार मिलेगा जितना बेटों या अविवाहित बेटियों को मिलता है। यानी विरासत दर्ज करते समय विवाह के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। इतना ही नहीं मृतक भूमिधर की बहनों के अधिकार में भी यह फर्क खत्म कर दिया जाएगा।

बिहार चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार का बड़ा तोहफा

## प्रदेश की महिलाओं को मिलेंगे 10 हजार रुपए ग्रामीण विकास विभाग के रोजगार पोर्टल लॉन्च

एजेंसी ▸▸ पटना

*महिलाओं को पहले चरण में 10 हजार रुपए मिलेंगे। जांच के आधार पर 6 महीने बाद अतिरिक्त 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। योजना से जुड़ने के लिए सीएम नीतीश कुमार के महिलाओं के लिए रोजगार पोर्टल लॉन्च किया व जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई।*

सीएम नीतीश कुमार ने बिहार की महिलाओं को आज बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने आज महिलाओं के रोजगार से जुड़ी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने जागरूकता अभियान से जुड़ी गाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास के संकल्प सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री शरवन कुमार, कई अन्य मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

बिहार सरकार की इस नई पहल के तहत महिलाएं इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। आवेदन करने पर महिलाओं को पहले चरण में 10 हजार की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके बाद रोजगार की प्रगति और जांच के आधार पर 6 महीने बाद अतिरिक्त 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार का दावा है कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। चुनावी वर्ष में लॉन्च हुए इस कार्यक्रम को महिला मतदाताओं को साधने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है।

**खास बातें**

- महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम
- 6 महीने के बाद रोजगार की जांच उसके बाद दो लाख अतिरिक्त मिलेंगे



### इन्हें नहीं मिलेगा योजना का लाभ

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि अगर किसी परिवार में कोई सरकारी नौकरी में है ,पति-पत्नी बेटा बेटी उसे परिवार को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बहुत बड़ी योजना है, महिला को योजना का लाभ उठाने के लिए शुरू किए गए पोर्टल पर आवेदन देना होगा । पोर्टल चालू कर दिया गया है और अप्लाई करने के बाद उन्हें 10 हजार रुपए पहले मिलेंगे, उसके बाद 6 महीने के बाद उनके रोजगार की जांच होगी, उसके बाद उन्हें दो लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।

### कैबिनेट में प्रस्ताव को मिल चुकी है मंजूरी

नीतीश कैबिनेट पहले ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दे चुकी थी। अब इस पोर्टल के जरिए हजारों महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की कवायद शुरू हो चुकी है। बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार का लाभ मिलेगा। यह महिलाओं के जीवन स्मृति को लेकर बड़ी योजना नीतीश कुमार लेकर आई है और इससे महिलाओं का जीवन बहुत हद तक सुधर पाएगा। जो महिला जीविका दीदी से नहीं जुड़ी है उन्हें भी यह रोजगार का लाभ मिलेगा।

चिराग के जीजा ने याद दिलाया

## एलजेपीआर में अकेले चुनाव लड़ने का माद्दा है बरकरार



एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। लेकिन, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अपने हिस्से की सीटों (40 से अधिक) पर दावेदारी को लेकर अड़ी हुई है। पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बहनोई एवं सांसद अरुण भारती ने 2020 के चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन को एनडीए को याद दिलाया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि भले ही उस चुनाव में हम केवल एक सीट जीत पाए, लेकिन सच्चाई यह है कि 137 सीटों पर चुनाव लड़कर हमें छह प्रतिशत वोट मिला था।

अगर हम पूरे 243 सीटों पर चुनाव लड़ते, तो हमारा वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत से भी अधिक होता। यह हमारे कार्यकर्ताओं की ताकत और जनता के विश्वास का जीता-जागता सबूत था। असल में, यह हमारी रणनीतिक चाल व राजनीतिक चरित्र का हिस्सा रहा है। 2020 ने साफ कर दिया कि अगर बिहार की राजनीति में कोई पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का माद्दा रखती थी तो वह केवल लोक जनशक्ति पार्टी थी।

### कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ़

अरुण भारती ने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की असली रीढ़ हैं। पार्टी के लिए जी-जान से मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं की यह स्वाभाविक उम्मीद होती है कि एक दिन उन्हें भी पार्टी की तरफ से जनप्रतिनिधि बनकर जनता की सेवा करने का अवसर मिले। 2020 में जब गठबंधन धर्म के कारण हम अपने कार्यकर्ताओं की इस भावना और उम्मीदों को पूरा नहीं कर सके, तब हमने अकेले चुनाव लड़ने का साहसिक निर्णय लिया। यह केवल चुनावी राजनीति नहीं थी, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान था।

## पेज एक का शेष

### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल...

शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ट्रैक की लंबाई के लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में से एक, भारतीय रेलवे को बधाई दी गई। भारतीय रेलवे के 250 से ज़्यादा कर्मचारियों ने इस साइकिलिंग पहल में भाग लिया। साइकिलिंग रूट पूरा करने के बाद, डॉ. मांडविया ने कहा कि मुझे 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है। यह जन आंदोलन बन गया है और इसने सक्रिय जीवनशैली अपनाने के बारे में काफ़ी जागरूकता फैलाई है। आज, मैंने सांसदों के साथ 'गर्व से स्वदेशी' विषय के अंतर्गत साइकिल चलाई। मैं इस अवसर पर सभी नागरिकों से भारत में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करता हूँ। खेल के सामान पर हाल ही में की गई जीएसटी कटौती पर, डॉ. मांडविया ने कहा कि हम ज़्यादातर खेल के सामान पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। इससे ये सामान नागरिकों के लिए किफ़ायती हो जाएँगे और उन्हें खेल और फिटनेस गतिविधियों में ज़्यादा सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। ज़्यादा माँग से भारतीय खेल सामान निर्माण इकाइयों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा और खेल पारिस्थितिकी तंत्र मज़बूत होगा।

### भाजपा सांसदों की दो...

से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवंबर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए सोमवार 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास पर राजग सांसदों का रात्रिभोज उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले होना था। पीएम मोदी की प्रभावित राज्यों की स्थिति पर समीक्षा बैठक और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे की वजह से रात्रिभोज रद्द करना पड़ा। गौरतलब है कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात समेत कई राज्यों में बाढ़ के कारण काफी नुकसान हुआ है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

### राजग के सांसदों ...

वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था। प्रधानमंत्री आवास पर राजग सांसदों का रात्रिभोज उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले होना था।

### वास्तविक वृद्धि लक्ष्य ....

आगे जीडीपी के नए दरों से देश में महंगाई कम होने की संभावनाओं पर जोर दिया। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे महंगाई दर कम होगी क्योंकि खरीफ फसल अच्छी रहने की उम्मीद है और जीएसटी परिषद ने हाल ही में 400 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स घटाया है, जिससे कीमतें नीचे आएंगी। साथ ही, फरवरी के बजट में दिए गए इनकम टैक्स राहत से आम लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा, जिससे घरेलू खपत में इजाफा होगा।

### महाकाल में 39...

बिक्री ने इस बार 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का योगदान दिया, जबकि विशेष दर्शन टिकट से 6.5 करोड़ रुपए की आय हुई। दानपात्रों में भक्तों ने 5.2 करोड़ रुपए चढ़ाए, और ऑनलाइन दान, चेक, और नकद भेंट से बाकी राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा, भक्तों ने सोना, चांदी, और आभूषण भी भेंट किए, जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञ सुनारों द्वारा किया गया।

### सूतक काल में ...

मिनट तक देखने को मिला। इस साल का चंद्र ग्रहण भारत के अलावा दुनियाभर में देखा गया। रात का चंद्र ग्रहण एशिया, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में दिखाई दिया। दुनिया के 85% में ग्रहण का प्रभाव रहा। दोपहर लगभग 1 बजे से सूतक काल शुरू हो गया। इस दौरान मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। उज्जैन का महाकाल मंदिर खुला रहा। इस मंदिर के द्वार ग्रहण के दौरान बंद नहीं किए जाते। इसी तरह राजस्थान के बीकानेर जिले में लक्ष्मीनाथ मंदिर में चंद्र ग्रहण का सूतक काल नहीं माना जाता। पिंडदान के लिए प्रसिद्ध गयाजी में विष्णुपाद मंदिर काफी प्रसिद्ध है। सूर्य ग्रहण हो या चंद्र ग्रहण ये मंदिर हमेशा खुला रहता है। काशी विश्वनाथ और अन्नपूर्णा मंदिर को छोड़ नगर के देश के सभी प्रमुख मंदिर दोपहर में ही बंद कर दिए गए। चंद्र ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में गुजरता है, और पूरी तरह से डार्क दिखाई देता है।

### विशेष पुनरीक्षण पर आरोप...

नाम ही किसी न किसी कारण काटे जा रहे हैं।

**पहली बार एक साथ पूरे देश में :** अब तक यह प्रक्रिया अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर होती थी। लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में एक ही समय पर एसआईआर किया जाएगा। इसके लिए पूरे देश की मतदाता सूची का डिजिटलीकरण और समयबद्ध सुधार की योजना तैयार की गई है। सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे जिले और बूथ स्तर तक तैयारी पूरी करें।

### बिहार विधानसभा चुनाव...

माकपा, भाकपा (माले) और वीआईपी मौजूद थे। अब झामुमो और पारस गुट के जुड़ने से दलों की संख्या 8 हो गई है। यानी अब राज्य की 243 विधानसभा सीटों का बंटवारा आठ पार्टियों के बीच करना होगा, जो सहमति तक पहुँचना और भी कठिन बना देगा। विदित हो की पशुपतिनाथ पारस स्वर्गीय रामविलास पासवान की छोटे भाई हैं। रामविलास पासवान के बाद छोटे भाई और बेटे मौजूदा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बीच तकरार में पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न पशुपतिनाथ पारस के पास आया था। वे भाजपा के साथ थे। केंद्रीय मंत्री रहे। अब बदली परिस्थित में वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हुए हैं।

**कांग्रेस और अन्य दलों की मांग :** कांग्रेस ने साफ कहा है कि सभी दलों को अपनी सीटें छोड़कर आपसी तालमेल बनाना होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि "त्याग और समायोजन" के बिना गठबंधन मज़बूत नहीं हो सकता। इस बार के चुनाव में कांग्रेस में स्पष्ट कह दिया है कि ज़्यादा से ज़्यादा स्थानीय दलों के साथ चुनाव लड़ा जाएगा चाहे उन्हें अपने हिस्से की सीटों में से कुछ सीट साथी दलों को देना पड़ जाए।

पिछला प्रदर्शन (2020 विस चुनाव) :

8राजद ने 144 सीटों पर चुनाव लड़ा और 75 जीते।

8कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा और 19 जीते।

8भाकपा (माले) ने 19 में से 12 सीटें जीतीं।

8माकपा ने 4 में से 2 सीटें जीतीं।

8भाकपा ने 6 में से 2 सीटें जीतीं।

आरपीएफ संग खुफिया एजेंसी भी अलर्ट

## प्रयागराज में पकड़ी गई किशोरी का मिला पाकिस्तान कनेक्शन




एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

प्रयागराज जंक्शन पर दो दिन पहले पकड़ी गई बिहार की किशोरी का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। मोबाइल की जांच में पता चला है कि वह इंस्टाग्राम पर दोस्त बने पाकिस्तान के युवक के लगातार संपर्क में थी और उससे न सिर्फ फोन पर बातें बल्कि चैटिंग भी करती थी। इस खुलासे के बाद आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं।

फिलहाल लिखा पढ़ी के बाद किशोरी चाइल्ड लाइन को सौंप दी गई है और सूचना पर उसके परिजन भी प्रयागराज आने के लिए चल दिए हैं। बिहार के नवादा की रहने वाली किशोरी दो दिन पहले जंक्शन पर पकड़ी गई थी। आरपीएफ को हेल्पलाइन पर सूचना मिली थी कि एक किशोरी घर से भागकर महाबोधि एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही है।

आरपीएफ के एसआई विवेक कुमार,आरती देवी ने ट्रेन के प्रयागराज जंक्शन पहुंचने पर किशोरी को पकड़ लिया। उसने बुर्का पहन रखा था। थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम-पता बताया। यह भी बताया कि वह घरवालों को बिना बताए दिल्ली जाने के लिए निकली है। उधर फोन से बात करने पर परिजनों ने बताया कि उन्होंने बिहार पुलिस से संपर्क साधा था।

2027 में बदलाव लाएगी यूपी की जनता

## मुख्यमंत्री योगी को अब आउटसोर्स करने की ज़रूरत

एजेंसी ▸▸ इटावा



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सपा प्रमुख बोले- आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की। वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा।

विकास तभी होगा जब गरीबों को इलाज मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है।भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है।

**20-25 अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज**

## जमुई में पुलिस को घेरकर पीटने वाले 13 आरोपी गिरफ्तार, थाने में लंगड़ाते हुए परेड

एजेंसी ▸▸ जमुई

जिले के बरहट थाना क्षेत्र के कदुआतरी गांव में शराब निर्माण की सूचना पर छापामारी करने गई पुलिस टीम पर आदिवासियों के द्वारा किए हमले में 20 नामजद तथा 20-25 अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस दल ने एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में गांव में छापामारी कर 13 नामजद लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें 7 पुरुष तथा 6 महिला शामिल है।

छापेमारी करने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया था। घेरकर पुलिसकर्मियों को पीटा था, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस थाने में सभी पुरुष आरोपी लंगडडाते हुए परेड करते दिखे। बरहट थाना में प्रेस वार्ता करते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि उत्पाद विभाग की ओरसे बरहट पुलिस को सूचना दी गई थी, कि थाना क्षेत्र के कदुआतरी गांव में बड़ी संख्या में देशी शराब का निर्माण किया जा रहा है।



### आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

गिरफ्तार किए गए 13 आरोपियों में राजेन्द्र हांसदा, नरेश टुड्डू, सकलदेव हांसदा, राजकुमार टुड्डू, वीरेन्द्र हांसदा, लखन टुड्डू, दिनेश सोरेन, ललिता देवी, सोनी देवी, मंजू देवी, शैली देवी, रुपा देवी और मालती देवी शामिल हैं। एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा । उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### महिला व पुरुष जवानों को गंभीर चोटें आई

उन्होंने पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में छापामारी करने गए सभी महिला व पुरुष जवानों को गंभीर चोटें आई। हालांकि इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने बीच-बचाव का भी प्रयास किया बावजूद उग्र भीड़ सुनने को तैयार नहीं थी। इस दौरान कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस के हथियार भी छिनने का प्रयास किया जिसे पुलिस कर्मी बड़ी मुश्किल से बचाए।


समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।


उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# भविष्य कंप्यूटर का, टीचर बनकर चमकाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें।

## बहुत ज्यादा नौकरियां

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## इस तरह बन सकते हैं कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ती हैं।

## आने वाला भविष्य कंप्यूटर आधारित, इसका नॉलेज आपको रखेगा आगे

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूट्यूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

### 12वीं पास करने के बाद बीए तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीए के बाद करियर : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में मिलते हैं बेहतरीन अवसर



डॉ. मोहित बंसल


करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अगर आपने सिर्फ बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) किया है तो घबराएं नहीं। बीए करने के बाद भी आप अपने करियर को बेहरीन उड़ान दे सकते हैं। बीए तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को ह्यूमनिटीज, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं की गहरी समझ प्रदान करती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है जैसे हिंदी, अंग्रेज़ी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और जनसंचार। वहीं बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम किसी एक विषय में गहन और विशेषज्ञ अध्ययन प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छात्र अंग्रेज़ी साहित्य, हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र या जनसंचार जैसे विषयों में ऑनर्स करके उस क्षेत्र में गहरी जानकारी और शोध क्षमता प्राप्त करते हैं। इन स्पेशलाइज़ेशन के आधार पर विद्यार्थी आगे चलकर कंटेंट राइटिंग, रिसर्च, शिक्षण, काउंसलिंग, प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया, सामाजिक कार्य और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में अलग-अलग करियर मार्ग चुन सकते हैं।

**इस कोर्स में कई विषयों का अध्ययन करने में सक्षम होकर बनते हैं काबिल**

## सामाजिक विज्ञान व भाषाओं की देती है गहरी समझ



### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बीए की शैक्षणिक पृष्ठभूमि छात्रों को विचार करने, अभिव्यक्ति और विश्लेषण क्षमता प्रदान करती है। लेकिन वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक स्किल्स से भी लैस हों। चाहे पत्रकारिता हो, कंटेंट राइटिंग, प्रशासनिक सेवाएं या कॉर्पोरेट सेक्टर-हर जगह दक्षता की मांग है।

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

- प्रभावशाली लेखन और संवाद कौशल
- डिजिटल दक्षताः एमएस ऑफिस, कंटेंट मैनेजमेंट टूल्स
- डेटा रिसर्च और रिपोर्ट लेखन
- सार्वजनिक बोलने और प्रस्तुति कौशल
- आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता
- पब्लिक रिलेशन एवं मीडिया हैंडलिंग स्किल्स

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र बीए डिग्रीधारकों के लिए आकर्षक और स्थिर अवसर प्रदान करता है। बैंकिंग, बीमा, रेलवे, डाक विभाग, रक्षा सेवाएं, राज्य लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भर्तियां होती हैं। शुरुआती वेतनमान 30,000 से 45,000 मासिक तक हो सकता है, जबकि अनुभव और उच्च पद पर यह 80,000 से 1,20,000 तक पहुंच जाता है।

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र
- सिविल सेवाओं में उच्च सफलता दर
- ग्राम विकास अधिकारी
- पंचायत सचिव
- लोकसभा/राज्यसभा रिसर्च फेलो

**अर्थशास्त्र**
- आर बी आई असिस्टेंट
- सांख्यिकी विभाग में सहायक
- इस इस सी में इकोनॉमिक इन्वेस्टिगेटर

**मनोविज्ञान**
- रक्षा सेवाओं में मनोवैज्ञानिक अधिकारी
- सामाजिक न्याय विभाग में काउंसलर
- पुलिस विभाग में रिक्रूटमेंट/ट्रेनिंग काउंसलर

**भूगोल**
- सर्वे ऑफ इंडिया में अधिकारी पद
- पर्यावरण एवं जलवायु विभाग में अनुसंधान सहायक
- आपदा प्रबंधन विभाग में सहायक पद

**जनसंचार**
- सरकारी सूचना सेवा
- प्रसार भारती में रिपोर्टर/प्रोड्यूसर
- राज्य सूचना विभाग में पब्लिक रिलेशन अफसर

**रक्षा सेवाएं**
- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**उच्च अध्ययन के विकल्प**
- पाठ्यक्रम विवरण
- एम.ए. (स्पेशलाइज़ेशन अनुसार) उच्च शिक्षा व शोध हेतु आवश्यक
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व भूमिकाओं हेतु
- बी.एड. शिक्षक बनने के लिए अनिवार्य
- एल.एल.बी. वकालत, कॉर्पोरेट लॉ, सिविल सेवाओं में सहायक
- मास कम्युनिकेशन/जर्नलिज़्म मीडिया, एंकरिंग, रिपोर्टिंग व पीआर में करियर
- समाजकार्य में मास्टर्स (एमएसडब्ल्यू) एनजीओ, पब्लिक हेल्थ व सामाजिक सेवा क्षेत्र हेतु
- मनोविज्ञान में पीजी/डिप्लोमा काउंसलिंग व क्लिनिकल मनोविज्ञान क्षेत्र हेतु

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीए डिग्रीधारकों के लिए निजी क्षेत्र में विविध क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध हैं। मीडिया, शिक्षा, पब्लिक रिलेशन, कंटेंट राइटिंग, मानव संसाधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, काउंसलिंग, एडटेक और टूरिज़्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। शुरुआती वेतनमान 15,000 से 25,000 मासिक हो सकता है, वहीं अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह 40,000 से 70,000 तक पहुंच सकता है। निम्न लिखित निजी क्षेत्रों में आप अपना करियर बना सकते हैं।

**मीडिया एवं जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- न्यूज़ एडिटर
- पब्लिक रिलेशन एग्जीक्यूटिव

**कंटेंट एवं डिजिटल सेक्टर**
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव

**शिक्षा एवं प्रशिक्षण**
- टीचिंग असिस्टेंट
- ऑनलाइन ट्यूटर
- एजुकेशन काउंसलर

**कॉरपोरेट एवं मानव संसाधन**
- एचआर असिस्टेंट
- ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर
- एडमिन एग्जीक्यूटिव

**पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र**
- टूर गाइड
- ट्रैवल कंसल्टेंट
- हॉस्पिटैलिटी एग्जीक्यूटिव

**स्पेशलाइज़ेशन आधारित संभावित प्रोफाइल्स**
- अंग्रेज़ी/हिंदी साहित्य
- कंटेंट राइटर
- कॉपी एडिटर
- ट्रांसलेटर
- प्रकाशन सहायक

**इतिहास/राजनीति विज्ञान/समाजशास्त्र**
- रिसर्च असिस्टेंट
- पब्लिक पॉलिसी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया कैम्पेनर
- एनजीओ कोऑर्डिनेटर

**अर्थशास्त्र**
- रिसर्च एनालिस्ट
- डेटा एंट्री एवं एम आई इस एग्जीक्यूटिव
- मार्केट सर्वे एग्जीक्यूटिव
- फाइनेंशियल कंसल्टिंग असिस्टेंट

**मनोविज्ञान**
- काउंसलर (स्कूल/कॉलेज)
- एचआर ट्रेनिंग असिस्टेंट
- बिहेवियरल एनालिस्ट
- करियर काउंसलर

**भूगोल**
- जी आई इस असिस्टेंट
- टूर एवं ट्रैवल कंसल्टेंट
- सर्वे रिसर्चर

**दर्शनशास्त्र**
- एथिक्स ट्रेनर
- शिक्षा व वैचारिक शोध सहायक

**जनसंचार**
- रिपोर्टर/जर्नलिस्ट
- पीआर एग्जीक्यूटिव
- डिजिटल मीडिया कोऑर्डिनेटर

## स्किल्स विकसित करें छात्र

बीए केवल एक स्नातक डिग्री नहीं, बल्कि यह छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और करियर विकल्पों का विस्तृत मार्ग प्रदान करती है। यदि छात्र अपनी स्पेशलाइज़ेशन के अनुरूप स्किल्स विकसित करें और प्रतियोगी परीक्षाओं या उच्च अध्ययन के लिए प्रयास करें, तो वे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं। अपने करियर का चुनाव करने से पहले किसी भी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

# सपनों को हकीकत में बदलें : भारत की चुनौतियों में सकारात्मक बदलाव की राह



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत, एक ऐसा देश जो विविधता, संस्कृति और अवसरों का संगम है, लेकिन इसके साथ ही कई चुनौतियाँ भी हैं। बढ़ती जनसंख्या, आर्थिक असमानता, शिक्षा तक सीमित पहुंच, और सामाजिक दबाव जैसे हालात कभी-कभी हमारे सपनों को धूमिल कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, ये चुनौतियाँ आपके सपनों को रोकने की ताकत नहीं रखतीं। आपमें वह शक्ति है जो इन कठिनाइयों को अवसरों में बदल सकती है। सपने वो बीज हैं, जो आपके मन में बोए जाते हैं। लेकिन उन्हें पनपने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सबसे पहले अपने सपनों को स्पष्ट करें। आप क्या बनना चाहते हैं? क्या हासिल करना चाहते हैं? चाहे वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, उद्यमी, या कुछ और बनने का सपना हो, उसे कागज पर लिखें।

## चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें

भारत में कई बार सामाजिक या आर्थिक दबाव हमें अपने सपनों से भटका देते हैं। लेकिन याद रखें, आपका सपना आपकी ताकत है। उदाहरण के लिए, अगर आप एक छोटे शहर या गाँव से हैं, जहां संसाधनों की कमी है, तो यह आपके लिए रुकावट नहीं, बल्कि एक प्रेरणा होनी चाहिए कि आप उन सीमाओं को तोड़ सकते हैं।

**चुनौतियों को अवसरों में बदलें** : भारत में कई छात्र आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी, या परिवार के दबाव का सामना करते हैं। लेकिन इन चुनौतियों को हार का बहाना न बनने दें। हर मुश्किल एक सबक है। उदाहरण के लिए।

**आर्थिक तंगी**: अगर आपके पास कोचिंग या महंगे संसाधनों के लिए पैसे नहीं हैं, तो इंटरनेट का उपयोग करें। आज यूट्यूब, खान एकेडमी, और कई मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो आपको मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दे सकते हैं।

**सामाजिक दबाव**: अगर आपके परिवार या समाज को आपके सपनों पर भरोसा नहीं है, तो धैर्य और संवाद से उन्हें समझाएँ। अपनी मेहनत और छोटी-छोटी उपलब्धियों से उनके विश्वास को जीतें।

**प्रतिस्पर्धा**: भारत में प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा है, लेकिन यह आपको और मजबूत बनाती है। अपनी तुलना दूसरों से न करें; अपने लक्ष्य पर ध्यान दें और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करें।

**सकारात्मक सोच**: आपकी सबसे बड़ी ताकत सकारात्मक सोच वह जादू है, जो असंभव को संभव बनाती है। भारत जैसे देश में, जहाँ हर दिन नई चुनौतियाँ सामने आती हैं, सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की हिम्मत देता है। अपने मन से नकारात्मक विचारों को हटाएँ। अगर आप सोचते हैं कि "मैं यह नहीं कर सकता", तो उसे बदलकर कहें, "मैं कोशिश करूँगा और सीखूँगा।" प्रेरणा लें उन लोगों से, जिन्होंने भारत में कठिन परिस्थितियों में अपने सपनों को हासिल किया। जैसे कि:

**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**: एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

**धीरूभाई अंबानी**: एक छोटे से गाँव से शुरूआत कर उन्होंने रिलायंस जैसी विशाल कंपनी बनाई। उनकी कहानी हमें बताती है कि सपने देखने की कोई सीमा नहीं होती।

## छोटे कदम, बड़े परिणाम

सपनों को हासिल करने के लिए बड़े-बड़े कदमों की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम भी आपको मंजिल तक ले जा सकते हैं। अपने लक्ष्य को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटें। उदाहरण के लिए, अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो हर दिन कुछ घंटे पढ़ाई के लिए निकालें। एक समय में एक विषय पर ध्यान दें। अपनी प्रगति को ट्रैक करें और हर छोटी उपलब्धि पर खुद को प्रोत्साहित करें।

**शिक्षा और कौशल**: आपके सपनों की नींवः भारत में शिक्षा और कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अगर आपके पास संसाधन सीमित हैं, तो सरकारी योजनाओं और स्कॉलरशिप का लाभ उठाएँ। साथ ही, आज के डिजिटल युग में तकनीकी कौशल सीखना बहुत जरूरी है। कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस जैसे कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि आपके सपनों को नई उड़ान भी दे सकते हैं।

**समुदाय और सहयोग**: एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंः अकेले चलना मुश्किल हो सकता है। अपने आसपास के दोस्तों, शिक्षकों, या मेंटर्स का सहारा लें। एक-दूसरे के साथ ज्ञान और प्रेरणा साझा करें। भारत में कई गैर-लाभकारी संगठन और समुदाय हैं, जो छात्रों को मुफ्त में मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करते हैं। इनका लाभ उठाएँ और अपने सपनों को और मजबूत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

**उत्तर** 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों को वापस भेजें मूल विभाग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि सात दिन में नगर निगम भोपाल में प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों को वापस उनके में मूल विभाग में नहीं भेजा गया तो संघ आंदोलन करेगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष साबिर खान ने बताए कि प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों से निगम को कोई फायदा नहीं बल्कि उनके वेतन भक्तों एवं सुख सुविधाओं के कारण निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और इन अधिकारियों के कारण निगम के कर्मचारियों का भला नहीं हो पाया। साबिर खान ने बताया कि कुछ अधिकारी तीन वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति आए थे किंतु कई वर्षों से निगम में जमे हुए है। जिससे निगम को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ संगठन एकजुट होकर आंदोलन करेगा और अधिकारियों के कामकाज से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, नगरीय प्रशासन मंत्री को भी अवगत कराया जाएगा।

### हिंदुओं व सनातन को गाली देने वालों को ही कांग्रेस में मिलता है पद

**भोपाल।** पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आदिवासियों को लेकर दिए गए बयान पर कड़ा प्रहार किया है। मिश्रा ने कहा कि सिंघार का बयान कांग्रेस की मानसिकता को उजागर करता है, जो समाज में फूट डालने की नीति पर आधारित है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस में वही नेता आगे बढ़ते हैं, जो सनातन धर्म और हिंदुत्व का विरोध करते हैं।

### हमीदिया अस्पताल में सात करोड़ रुपए का भुगतान अटका

**भोपाल।** राजधानी के हमीदिया अस्पताल परिसर में सीटी-एमआरआई सेवाओं को लेकर गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और निजी ऑपरेटर के बीच गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। जनवरी 2023 से अब तक किसी प्रकार का भुगतान नहीं हुआ है। करीब सात करोड़ रुपए का बकाया लंबित है। इस विवाद ने पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कंपनी प्रबंधन के अनुसार एक दिसंबर 2017 को जीएमसी और एक निजी कंपनी के बीच 10 साल का अनुबंध हुआ था।

**नायब सिंह बोले :** आपदा से दोनों राज्यों में भारी नुकसान, हरसंभव मदद करेंगे

# मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री से भरे 15 ट्रक पंजाब और 10 ट्रक हिमाचल रवाना किए

*हरिभूमि ▶▶ चंडीगढ़*

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (पंचकमल), पंचकूला से बाढ प्रभावित पंजाब व हिमाचल प्रदेश के लिए सहायता सामग्री के 25 ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 15 ट्रक पंजाब के लिए और 10 ट्रक हिमाचल प्रदेश के लिए शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और महामायी का आशीर्वाद लिया। पंचकमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इन ट्रकों के माध्यम से पंजाब व हिमाचल के बाढ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को रोजमर्रा की जरूरी चीजें पंहुचाई जा रही हैं ताकि आपदा के इस समय में उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी प्राकृतिक आपदा से काफी नुकसान हुआ है। कई जगह गांव के गांव प्रभावित हुए हैं और लोगों के साथ-साथ पशु धन भी इसकी चपेट में आया है। ऐसी स्थिति में लोगों की मदद करना हमारा दायित्व बनता है। लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार के साथ-साथ कार्यकर्ता दिन रात काम कर रहे है।*



### जान-माल के नुकसान पर 4-4 लाख रुपये दिए

हरियाणा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निचले इलाकों में जल भराव हुआ है। हमने जलभराव से ग्रस्त क्षेत्रों में तुरंत राहत के लिए प्राथमिकताएं तय की हैं और राहत कार्य निरंतर चल रहा है। नागरिकों की कठिनाई को कम करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला हुआ है। इसका उद्देश्य आम जनता द्वारा अपने नुकसान व क्षति के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि अब तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 1 लाख 69 हजार 738 किसानों ने 9 लाख 96 हजार 701 एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण कवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात में कुछ घरों की छत गिरने से जानमाल की हानि हुई है। ऐसे परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

डीएफओ नेहा और विधायक अनुभा का विवाद

# एपीसीसीएफ बोलीं, उन्हें विधायक की जांच करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बालाघाट में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और नार्थ डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के विवाद का मामला गर्माता जा रहा है। डीएफओ ने विधायक पर 2 लाख की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए वन मुख्यालय सहित आला अफसरों को शिकायत भेजी थी। इस शिकायत के बाद एपीसीसीएफ कमलिका मोहंता और सीएफ अंजना सुचिता तिर्की की दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई।

कमेटी ने इस मामले को लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है, लेकिन कमेटी की सदस्य एपीसीसीएफ मोहंता का कहना है कि उन्हें विधायक की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब विधायक की जांच करने का अधिकार ही नहीं है तो फिर इस तरह की कमेटी क्यों बनाई गई । क्या केवल शिकायतकर्ता डीएफओ नेहा श्रीवास्तव के बयान लेकर औपचारिकता पूरी की जाएगी, इस बात को लेकर असमंजस बना हुआ है।

### मानहानि का मामला दायर करेगी मुंजारे

इधर कांग्रेस विधायक विधायक अनुभा मुंजारे का कहना है कि 27 जुलाई को सोनेवानी में मादा बाघ की मौत हुई, लेकिन बिना प्रोटोकॉल के उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसकी सूचना तक नहीं दी। यह मामला उनके संज्ञान में आया तो इसे 5 अगस्त को विधानसभा में उठाया। इसके बाद छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो गई, लेकिन दक्षिण वनमंडल के डीएफओ अधर श्रीवास्तव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीएफओ की पत्नी नार्थ बालाघाट डीएफओ नेहा श्रीवास्तव है, इसलिए उन्होंने बाघ मामले से ध्यान भटकाने को लेकर इस तरह के आरोप लगाए। कांग्रेस विधायक का यह भी कहना है कि वो हाईकोर्ट में आईएफएस दंपत्ति के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यवस्थाओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

# सिंहस्थ-2028 के आयोजन के लिए अनुभवी अधिकारियों का लिया जाएगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**दुर्घटनाविहीन, आवास, आवागमन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन है। इसके लिए उज्जैन में पिछले दो सिंहस्थ वर्ष 2004 और 2016 के दौरान पदस्थ रहे वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अनुभव का लाभ भी लिया जाए। प्रयागराज में सम्पन्न महाकुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि सिंहस्थ- 2028 श्रद्धालुओं की दृष्टि से सुविधाजनक, दुर्घटनाविहीन, आवास, आवागमन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं के साथ श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन का भी उदाहरण बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ- 2028 के प्रबंधों पर पिछले मंगलवार को भी विस्तृत बैठक हुई है। बैठक और संवाद का सिलसिला निरंतर चलेगा। प्रत्येक व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विभागों को दायित्व दिए गए हैं। तैयारियों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

**बैठक और संवाद का सिलसिला निरंतर चलेगा**

**हर व्यवस्था को सुनिश्चित करने विभागों को दायित्व दिए गए**



### संबंधित विभागों से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के संबंधित विभागों से भी जरूरी सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न रेल मंडल प्रबंधकों ने उनसे भेंट कर सिंहस्थ के लिए रेल सुविधाओं की उपलब्धता और विस्तार के संबंध में अवगत करवाया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्मित होने वाले घाटों और उनके निकट विभिन्न सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। सरलता और सुगमता से स्नान सम्पन्न हो सकें, इस दृष्टि से सभी जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। पर्यटन विभाग और निजी क्षेत्र द्वारा होटलों की व्यवस्था, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए रहवास व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आज मऊगंज को देंगे 241.33 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 सितम्बर को मऊगंज को 241.33 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें प्रमुख रूप से मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री 37 करोड़ 50 लाख रुपए के 16 विकास कार्यों का लोकार्पण और 203 करोड़ 83 लाख रूपये के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मऊगंज प्रवास के दौरान बहुती प्रपात का अवलोकन करेंगे। वे देवतालाब में स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। देवतालाब स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में हितलाभ वितरण भी करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद जनार्दन मिश्र और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक गिरीश गौतम भी संबोधित करेंगे।

### सीएम डॉ. यादव से फिल्म अभिनेता विंदु दारा सिंह ने की सौजन्य भेंट



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में फिल्म अभिनेता विंदु दारा सिंह ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने विंदु दारा सिंह का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया और प्रदेश की फिल्म निर्माण नीति की जानकारी दी। विंदु सिंह इन दिनों मध्यप्रदेश के प्रवास पर हैं। उन्होंने जय वीर हनुमान (1995), विष्णु पुराण (2000) और अयोध्या की रामलीला (2020) में हनुमान जी की भूमिका निभाई है।

# शिक्षा मंत्री से बोले राज्य शिक्षा केंद्र के कर्मचारी, 20 साल हो गए नौकरी को अब तो नियमित करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौपकर राज्य शिक्षा केंद्र के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने करने की मांग की। रमेश राठौर ने चर्चा करते हुए शिक्षा मंत्री को बताया कि 22 जुलाई 2023 को सामान्य प्रशासन ने सभी विभागों के लिए संविदा नीति निर्देश जारी किए थे, जिसमे संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जानें, ग्रेच्यूटी, अनुकंपा नियुक्ति, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश दिए जाने का उल्लेख किया गया था।

राज्य शिक्षा केंद्र में संविदा कर्मचारी पिछले 20 से 25 साल कार्य करते हुए हो गए, संविदा कर्मचारी ओवर एज हो गए है, बहुत से कर्मचारी सेवानृवत्त हो गए, बहुत से कर्मचारी शासकीय सेवा के दौरान आकस्मिक दिवंगत हो गए है, लेकिन अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र ने ना संविदा कर्मचारियों को नियमित किया ना सेवानृवत्ति पर ग्रेच्यूटी दी न दिवंगत होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी। डाटाएंट्री आपरेटर, एमआईएस कॉर्डिनेटर का, अकाउंटेंट, जेंडर समन्वयक, सहायक वॉर्डन, प्रोग्रामर का ग्रेड पे कम कर दिया उनके ग्रेड पे में सुधार किया।



### कर्मचारियों में आक्रोश

*रमेश राठौर ने बताया कि संविदा नीति के तहत नियमित नहीं किए जाने से राज्य शिक्षा केंद्र के संविदा कर्मचारियों में आक्रोश है। शिक्षा मंत्री रावउदय प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर राज्य शिक्षा केंद्रर में 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति पूर्ण रुप से लागू करते हुए नियमित किए जानें की मांग की। प्रीतिनिधि मंडल में रमेश सिंह, सतेंद्र सिंह परिहार, राजेश कपूर, राजेश कपूर, अनूप शांडिल्य, अनिल सिंह, विजय जैन आदि कर्मचारी उपस्थित थे।*

शराब के नशे में डंडा मारकर जंगल में दफनाया शव

# महिला की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज



थाना कोरंधा पुलिस ने पत्नी की हत्या कर शव को जंगल में दफनाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह सनसनीखेज मामला ग्राम हंसपुर का है, जहां आरोपी हीरालाल कुजूर (45 वर्ष) ने आपसी विवाद में अपनी पत्नी कलावती कुजूर की डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी और शव को छुपाने के लिए जंगल में दफना दिया।

मामला तब उजागर हुआ जब मृतिका का पुत्र शेखर कुजूर ने 3 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मां कलावती 1 सितंबर को पिता के साथ जंगल गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पूछने पर पिता ने बताया कि झगड़े के बाद कलावती नाराज़ होकर कहीं चली गई है। पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर तलाश शुरू की। 4 सितंबर को ग्राम हंसपुर के हुटार जंगल में शव का एक हिस्सा मिट्टी से बाहर दिखा, जिस पर पुलिस ने एफएसएल टीम और कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को बाहर निकाल कर शिनाख्त की। पोस्टमॉर्टम में महिला की मौत सिर पर चोट लगने से होना पाया गया। पूछताछ में आरोपी हीरालाल ने बताया कि वह शराब के नशे में था और आपसी झगड़े में पत्नी के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में शव को जंगल में दफना दिया। पुलिस ने आरोपी को 6 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस गंभीर अपराध का खुलासा कर कोरंधा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

1280 लीटर चोरी का डीजल जब्त, कीमत 13 लाख

# डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर गिरोह को दबोचा, स्कार्पियो सहित अन्य सामान जब्त**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में घेराबंदी कर गिरोह को दबोचा और उनके कब्जे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी, ताला तोड़ने के उपकरण और 1280 लीटर डीजल जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपये आंकी गई है।

दरअसल शिवरीनारायण थाने की पुलिस को डीजल चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिसपर कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई। इस दौरान बीती रात को 3 बजे जांजगीर-चांपा, सक्ती और रायगढ़ जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रकों की टंकियों का ताला तोड़कर डीजल चोरी करता था। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों दिलेश कुमार कुर्रे, अन्नू सांण्डे और विजय कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) सहित संगठित अपराध के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

फरसगांव थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने किया ट्रक जब्त

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, एक गंभीर

**मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास की घटना, पुलिस कर रही जांच**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए हैं, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर है।

जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, फरसगांव थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की सुबह मस्सूकोकोड़ा बस स्टैंड के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। चालक ने हेलमेट नहीं पहना था, उसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, दूसरे युवक को भी चोट आई, घटना के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए थाने ले जाया गया।

प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने लिखा पत्र

# सरकारी अस्पतालों में बंद हो आउटसोर्स पर पैथोलॉजी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी शासकीय और स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में पैथोलॉजी विभाग की खून और मल की जांचों को प्राइवेट एजेंसी को दिए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने इस पर गंभीर आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर आउटसोर्सिंग बंद करने की मांग की है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया का कहना है कि हर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी एक पूर्ण विभाग के रूप में मौजूद है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सक, टेक्निशियन और सैकड़ों की संख्या में एमडी-एमएस कर रहे छात्र मौजूद हैं।

### पैथोलॉजी विभाग को दी जाएं जिम्मेदारी

*एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. अविनाश ठाकुर ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड देखें तो जितना बजट प्राइवेट कंपनियों को दिया गया है, उतने में ही पैथोलॉजी विभाग सभी जांच बेहतर तरीके से कर सकता था। आउटसोर्सिंग से न केवल विभाग की उपयोगिता कम हो रही है, बल्कि भ्रष्टाचार की आशंका भी बढ़ रही है।*

नीमा स्टूडेंट फोरम ने किया गुरुओं का सम्मान

# आयुर्वेद आचार्यों के साथ मिलकर होगा आयुर्वेद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्यार्थियों में गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आदर्श मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं। आयुर्वेद आचार्यों के साथ मिलकर आयुर्वेद के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास होगा।

यह बात नीमा स्टूडेंट फोरम के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने शिक्षक दिवस पर महर्षि वेदिक हेल्थ सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस अवसर पर आयुर्वेद गुरुजनों को नीमा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुसूदन देशपांडे, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. पीसी शर्मा, डॉ. एचपी शर्मा, मिहिर कुमार झा उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के समन्वय पर सार्थक चर्चा की गई तथा गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। राजधानी में मप्र के शासकीय एवं निजी आयुर्वेद महाविद्यालयों के आचार्यों का पहला मिलन समारोह का आयोजन किया गया।



पुलिस ने खाई में उतरकर युवकों को बचाया

# सिया घाट पर सेल्फी लेने उतरे राहगीर की सूचना से बची दो जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

थाना कन्नौद क्षेत्रातर्गत में सुबह 5:30 बजे से 6 बजे के लगभग 100 डायल पर सिया घाट सेल्फी पाईन्ट से राहगीर ने सूचना दी कि आयसर घाट पर से पलट कर 400 फीट खाई में गिर गई है और उसके अंदर से घायलों की बचाओ-बचाओ की आवाज आ रही है। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी को तत्काल रेस्क्यू के लिए निर्देशित किया गया था, उनके द्वारा थाना कन्नौद के निरीक्षक तहजीब काजी उप निरीक्षक दीपक भोण्डे, प्र.आर सुभाष यादव, प्र.आर विष्णु जाटव, आर. बॉबी वर्मा, आरक्षक शैलेन्द्र करमोदिया, सैनिक गोविन्द कर्मा व 100 डायल पायलेट माखनसिंह को तत्काल रेस्क्यू सामग्री के साथ रवाना किया गया।

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने रेस्क्यू के लिए भेजी टीम**



### गंभीर हालत होने पर इंदौर किया रैफर

टीम ने तत्काल घाट पर पहुंचकर रस्सी के माध्यम से नीचे घाट पर खाई में पहुंचकर गाड़ी में फंसे हुए घायल गजेन्द्र पिता पवनसिह राजपूत एव मनोज पिता ओमप्रकाश राजपूत निवासी ललितपुर उप्र को बमुश्किल वाहन से निकालकर स्टेचर के माध्यम से घाट के ऊपर लाया गया व राहगीरों व स्थानीय नागरिकों की सहायता से सीएचसी कन्नौद भिजवाया गया। यहां उनका प्राथमिक उपचार करवाया जाकर गंभीर स्थिति होने से इन्दौर रेफर किया गया। घटना का समय तड़के सुबह होने तथा भौगोलिक स्थिति 'विकट होने पर भी राहगीरों द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समय पर सूचना देने वाले राहगीर एवं सहायता करने वालों को प्रोत्साहन इनाम के लिए मप्र शासन की राहवीर योजना अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

## चिंतन

# आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति उजागर

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। जहां लाभ हो वहां उसके लिए नीति अनीति कोई मायने नहीं रखती। अनेक मौके ऐसे आए हैं जब अमेरिका की आतंकवाद पर दोहरी नीति जगजाहिर हुई है। अब एक बार फिर ऐसा ही हो रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि वॉशिंगटन फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के साथ बहुत गहन बातचीत कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने अमेरिका से हमास के कब्जे में अब भी मौजूद अपने बंधकों की रिहाई का आग्रह किया है। हालांकि, ट्रंप का यह ऐलान अमेरिका की कथनी और करनी में अंतर जरूर दिखाता है कि वह आतंकवादियों से बात नहीं करता। कागजों और जुबान से अमेरिका आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देता है। वह कहता है कि आतंकवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौता नहीं किया जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने लगभग दुनिया के हर एक कोने में मौजूद शक्तिशाली आतंकवादी समूहों के साथ संबंध रखे हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी भला कौन भूल सकता है। यह वापसी तालिबान के साथ अमेरिका के समझौते का ही परिणाम था, जिसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कतर की मदद से अंजाम दिया था। दुनिया जानती है कि अमेरिका, तालिबान और हमास के अलावा लेबनान के हिजबुल्लाह, अल कायदा, लश्कर-जैश समेत कई आतंकी संगठनों और समूहों के साथ सीधे संपर्क में रहा है। यह ऐसा देश है जो कई बार आतंकवादी समूहों के सीधे संपर्क में न होकर अपने प्रॉक्सी मिलिशिया या फिर खुफिया एजेंसी सीआईए के जरिए उनसे संबंध बनाए रखता है। अमेरिका पर दुनिया के कई देशों में तख्तापलट, विरोध प्रदर्शन, सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के समर्थन के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, अमेरिका की नीति भू-राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। जहां उसे फायदा दिखता है, वो वही करता है। आतंवाद के पोषक पाकिस्तान के प्रति भी उसकी नीति हमेशा लचीली रही है। पिछले सात दशक में यह बार-बार साबित हुआ है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से अमेरिका के रिश्ते अडिग रहे हैं। वह दशकों से पाकिस्तान को दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व के बीच रणनीतिक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करता है। उसे आतंक को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से भी परहेज नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी पाकिस्तान को आईएमएफ से आर्थिक मदद दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। वैसे भी भारत में आतंकी हमलों पर अमेरिका सरकार की प्रतिक्रिया निंदा करने तक सीमित रही है। पाकिस्तान के सियासी नेताओं और सैन्य अफसरों के भारतीय हमले में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से नजर आना यही बताता है कि पाक में आतंकियों का खुल्लम-खुल्ला इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान में खुलेआम रैली कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह कसूरी की सार्वजनिक उपस्थिति और पहलगाम हमले पर उसकी स्वीकारोक्ति को भी इसी नजरिये से देखे जाने की जरूरत है। यह सब पूरी पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ट्रंप उसे अपना सहयोगी बताते हैं। अब समय है जब दुनिया अमेरिका के इस दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर चुनौती देते हुए आत्मनिर्भरता और स्पष्टता का परिचय दे। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी रणनीतिक संतुलन की मोहताज होने के बजाए मानवता के पक्ष में निष्ठावान संकल्प होना चाहिए।

श्राद्ध पक्ष

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रूप में पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रद्धा या यों कहें कि श्राद्ध स्वरूप भोजन, वस्त्र, जल आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरूप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरूप ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोए को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमको शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इसका भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरू हो जाती है। इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है। यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी ओर इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने का अवसर मिले तो कई बातें साफ हो जाती हैं। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री पक्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन कि निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# त्योहारों से पहले जीएसटी का उपहार



विश्लेषण

राजेश माहेश्वरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।

## आर्थिक चुनौतियों से निपटने का कदम

भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खास तौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था।

## रोजगार का मोर्चा संभालना भी जरूरी

उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है।

यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपये तक की खपत बढ़ सकती है।

## दवाओं पर कर हटाना बेहतर कदम

इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल, इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान

अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं। जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा।

## जीडीपी पर पड़ सकता है असर

भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है। लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। इन क्षेत्रों के तनाव में आने का असर गरीब परिवारों पर पड़ने की आशंका है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी में 0.4 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कमी हो सकती है। त्योहारी सीजन और बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला न सिर्फ कारोबारी बल्कि, दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा। जीएसटी 2.0 से हाथों में सीधे पैसे आएंगे, नतीजतन भारत वैश्विक निर्यात का मजबूत केंद्र बनेगा। हालांकि यह भी सच्चाई है कि आर्थिकी के क्षेत्र में भारत को अभी अमेरिका व चीन जैसे देशों की तुलना में लंबी दूरी तय करनी है।

# लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत




संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित

प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। – विवेक शर्मा, बिलासपुर

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



महान संत, दार्शनिक और सुधारक श्री नारायण गुरु की जयंती पर नमन करता हूं, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया। उनका शाश्वत संदेश आज भी भारत को सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर ले जा रहा है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### राहत सामग्री रवाना



राहत सामग्रियों से भरे 52 ट्रक आज दिल्ली से पंजाब के भाई-बहनों के लिए रवाना किए गए हैं। पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### सहयोग राशि जारी



उत्तराखंड में भीषण बाढ़ से उत्पन्न विकट स्थिति तथा उससे हुई जन-धन की क्षति अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा तात्कालिक राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ की राशि प्रेषित की है।
- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### कार्यकर्ता भाव



दिल्ली में आयोजित सांसद कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी में पद से बड़ा कार्यकर्ता भाव है। उनकी सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।
- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# दीपावली उत्सव में मणिपुर की सांस्कृतिक प्रस्तुति



मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में वार्षिक कार्यक्रम 'दीपावली लाइट अप' में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम तथा विविध समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की और इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपों के इस त्योहार की शुरुआत हुई। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को कहा, 'भारत से मणिपुरी सांस्कृतिक दल ने समारोह में भाग लिया और मणिपुर की कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।' इस मंडली को भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) ने आमंत्रित किया था और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे पूरा सहयोग दिया। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने भी दीपावली प्रकाश समारोह में भाग लिया। मणिपुर का यह सांस्कृतिक दल रविवार दोपहर को 'टैम्पाइन्स हब' के फेस्टिव प्लाजा में भी प्रस्तुति देगा। 'लिटिल इंडिया' को सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के तौरपर 600,000 एलईडी लाइटों से सजाया गया है। यह इलाका दो किलोमीटर तक फैला हुआ है। सिंगापुरवासी 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे और उस दिन यहां आधिकारिक अवकाश रहेगा।

## ऑफ बीट

# शौचालय में स्मार्टफोन पर स्क्रॉल से बवासीर का खतरा



हममें से कई लोग शौचालय में स्मार्टफोन पर 'स्क्रॉल' करने के आदी हैं, लेकिन एक नये अध्ययन में पाया गया है कि इस आदत से बवासीर का खतरा 46 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। तो, आखिर दोनों में क्या संबंध है? फोन पर समय बिताने से आपके गुदा में और उसके आस-पास ये दर्दनाक गांठें कैसे उभर सकती हैं? आइए जानते हैं इसके बारे में। बवासीर क्या है? -हर स्वस्थ व्यक्ति में ऐसी गांठें होती हैं, जो बवासीर का रूप भी अख्तियार कर सकती हैं। गुदा और मलाशय के अंदर या उसके आसपास सूजी हुई और फूली हुई नसें होती हैं। ये गुदा के आसपास की रक्त वाहिकाओं के बढ़ने से होती है और इसके कारण गुदा से रक्तस्राव, खुजली, दर्द और बेचैनी की शिकायत हो सकती है। जब सब कुछ ठीक होता है, तो हम उन पर ध्यान नहीं देते। लेकिन नसों में सूजन आ सकती है और इससे दर्द, रक्तस्राव या गुदा के अंदर एक गांठ जैसा महसूस होना (आंतरिक बवासीर) या बाहर की ओर उभरी हुई गांठ (बाहरी बवासीर) जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसलिए जब किसी को ''बवासीर'' होती है, तो इसका मतलब है कि उनमें सूजन आ गई है या लक्षण उभर गए हैं। हर दो में से एक व्यक्ति को जीवन में किसी न किसी समय बवासीर का सामना करना पड़ता है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## मथुरा और वृंदावन में बाढ़ से भयावह हालात

# सड़क पर चलीं नाव, लोगों को बनाना पड़ा छतों पर ठिकाना

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा और वृंदावन में बाढ़ के चलते हालात भयावह होते जा रहे हैं। रविवार को जलस्तर और बढ़ने से बस्तियों की तरफ पानी काफी बढ़ गया है। लक्ष्मीनगर क्षेत्र की तिवारीपुरम कॉलोनी के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ के हालात विकराल हो गए हैं। आसपास के गांव ईसापुर, हंसगंज आदि में सात से आठ फीट तक पानी भर गया। यहां मकान एक मंजिल तक डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने के लिए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार को भी ट्रैक्टर को सहारा लेना पड़ा।

### बारिश का पानी पीने को मजबूर, ट्रैक्टर से पहुंचे डीएम और एसएसपी



### छतों में काट रहे जीवन

श्याम कुटी कॉलोनी निवासी मोहन ने बताया कि वे अपने घरों को इसलिए नहीं छोड़ रहे, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके सामान की चोरी हो सकती है। उन्होंने ये घर खून-पसीने से बनाए हैं, इन्हें कैसे यूं ही छोड़ दें। उन्होंने यह भी बताया कि जिनके घरों में पानी भर चुका है, उन्होंने अब अपने घर की छतों को ही अस्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। ऐसे बारिश के पानी को ही जमा करके पीने को मजबूर हैं।

## 5 जिलों में माइनर, ड्रेनें-तटबंध टूटे 2748 गांव डूबे

**हिसार।** बारिश और नदियों के उफान में कमी आने के बावजूद हरियाणा के 8 जिलों को जलभराव से कोई राहत नहीं मिल पाई है। कैथल, सिरसा व हिसार में घग्गर नदी व ड्रेन ओवरफ्लो होकर तबाही मचा रही हैं जबकि फरीदाबाद में यमुना व कुरुक्षेत्र में मारकंडा खतरे के निशान पर बह रही है। इन पांचों जिलों में तीन तटबंध, दो-दो ड्रेनें व माइनर, एक छोटा बांध टूट गया। इससे 100 से अधिक गांवों में पानी भर गया और हजारों एकड़ फसल प्रभावित हुई है।



### खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से बच्चे की मौत

अंबाला में दो लोग बरसाती नदी में बह गए जबकि एक बच्चे की खेतों में टांगरी नदी का पानी भरने से मौत हो गई। अंबाला में पंजाब की सीमा से सटे भुनी गांव में खेतों में जलभराव में पांच बच्चे नहाने चले गए।

### गुजरात में 123 डैम हाई अलर्ट पर, मछुआरों को चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग ने 7 से 10 सितंबर तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। इस दौरान समुद्र में मौसम खराब रहेगा और लहरें तेज होंगी। सरदार सरोवर डैम वर्तमान में क्षमता के 91.26 प्रतिशत पर है।

### भरतपुर का बरेठा बांध लबालब, रिकॉर्ड बारिश से गेट खोले

**भरतपुर।** जिले का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक महत्व रखने वाला बरेठा बांध लगातार बारिश के चलते पूरी तरह लबालब हो चुका है. पिछले कई दिनों से भरतपुर और डांग क्षेत्र में हो रही तेज बरसात के कारण बांध में पानी की आवक तेजी से बढ़ गई है. जलस्तर लगातार बढ़ने पर प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाते हुए बांध के गेट खोल दिए हैं।

### तबाही के बीच कल पंजाब जाएंगे

## 23 जिलों में बाढ़, 2 हजार गांव डूबे, अब तक 46 की मौत



**नई दिल्ली।** पंजाब इन दिनों भयंकर बाढ़ की चपेट में है। राज्य के 23 जिलों के 1,996 गांव पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। भारी बारिश के कारण रावी, सतलुज और व्यास नदियों में उफान आया, जिससे स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित जिले गुरदासपुर का दौरा करेंगे। वे प्रभावित लोगों और किसानों से सीधे मिलेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में महिला का मुंह नोचा, बच्चे को किया घायल



**तुमकुरु।** आवारा कुत्तों ने कर्नाटक में आतंक मचाया है। तुमकुरु जिले के गुब्बी कोर्ट परिसर में शनिवार को एक आवारा कुत्ते द्वारा महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। होन्नाली तालुका में आवारा कुत्तों के हमले में चार बच्चे और एक बुजुर्ग घायल हो गए। लोगों में दहशत है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की है।

### राजबल्लभ ने तेजस्वी की पत्नी को जर्सी गाय कहा



**पटना।** नाबालिग से रेप केस में बरी हुए नवादा से पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव ने विवादित बयान देते हुए तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि वोट लेने के लिए तेजस्वी यादव जाति की बात करते हैं। लेकिन शादी तो किसी और जाति में की। हरियाणा-पंजाब से कोई जर्सी गाय लाए हैं। इससे आरजेडी भी तमतमाई हुई है।

### फर्जी लोन घोटाले में 5 पर मामला दर्ज



**हरिद्वार।** यहां के ज्वालापुर में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें फर्जी विक्रेता और खरीदार बनाकर एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी से 38.58 लाख रुपए का लोन हड़पने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने एक अधिवक्ता समेत 6 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जेल में क्लर्क का काम करेंगे प्रज्वल रेवन्ना



**बेगलुरु।** प्रज्वल रेवन्ना परप्पना अग्रहारा जेल में बंद हैं। प्रज्वल रेवन्ना को अपनी दैनिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए हर दिन के 522 रुपए मिलेंगे। बता दें कि जेल के नियमों के अनुसार आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कैंपस टैंक के लॉन्च कार्यक्रम में कहा

# भारत का भविष्य स्टार्टअप-लिंक्ड इकोनॉमी पर निर्भर, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ाएंगे

» उन्होंने कहा कि कैंपस टैंक की शुरुआत उद्योग-स्टार्टअप साझेदारी को मजबूत करेगी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की भविष्य की आर्थिक वृद्धि अब स्टार्टअप-लिंक्ड इकोनॉमी पर आधारित होगी, जिसे मजबूत उद्योग साझेदारी के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह बातें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित कैम्पस टैंक के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कहीं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार किया है, लेकिन स्टार्टअप्स की लंबी उम्र और सफलता तभी संभव है जब शुरुआती दौर से ही उन्हें उद्योग जगत का साथ और निवेश मिले। उन्होंने कहा कि कैंपस टैंक की शुरुआत उद्योग-स्टार्टअप साझेदारी को मजबूत करेगी। यह उद्योग-आधारित स्टार्टअप इकोनॉमी की दिशा में एक कदम है।" उन्होंने जोर दिया कि केवल विचार और रिसर्च से स्टार्टअप्स लंबे समय तक नहीं टिक सकते, इसके लिए उद्योगों का वित्तीय सहयोग, बाजार तक पहुंच और स्केलेबिलिटी जरूरी है।



### नया भारत नवाचार को अपना कर विकास कर रहा

उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी, कृषि और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों का उदाहरण दिया, जहां सरकार और उद्योग की साझेदारी से ठोस नतीजे देखने को मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम सिर्फ मेट्रो शहरों या टेक्नोलॉजी हब तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे शहर और विविध सेक्टर भी इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। यह दर्शाता है कि नया भारत नवाचार को अपनाकर विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### » भारत की बढ़ती वैश्विक साख का जिक्र भी किया

उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक साख का जिक्र करते हुए बताया कि देश ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में अपनी रैंकिंग 81 से बढ़ाकर 39 कर ली है। यह कम समय में एक बड़ी उपलब्धि है। साथ ही, उन्होंने बताया कि लगभग 60% पंजीकृत स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व में हैं। महिलाएं अब सिर्फ भागीदार ही नहीं, बल्कि बड़े प्रोजेक्ट्स की कमान संभाल रही हैं। जितेंद्र सिंह ने इस दौरान महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का भी जिक्र किया, जिन्होंने आदित्य एल-वन और चंद्रयान-3 जैसे राष्ट्रीय अभियानों का नेतृत्व किया।

### जोशी 10 को गाजियाबाद में अत्याधुनिक रासायनिक प्रयोगशाला का करेंगे उद्घाटन

## पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, प्राकृतिक मिनरल वॉटर फूड पैकेजिंग मटेरियल की होगी टेस्टिंग

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी आगामी 10 सितंबर को गाजियाबाद स्थित नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) की नई रासायनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दी गई। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, प्राकृतिक मिनरल वॉटर, फूड पैकेजिंग मटेरियल, एल्युमिनियम और कॉपर से बनी इनैमल्ड और इंसुलेटेड वायर, कोयला, पेट्रोलियम कोक, बिटुमेन, इनैमल पेंट्स, एंटी-स्किड प्रोडक्ट्स, फिल्ट्रेशन मीडिया जैसे रेत और बजरी, साथ ही सफेद और रंगीन चॉक का परीक्षण किया जाएगा। यह प्रयोगशाला निर्माण सामग्री, सीमेंट, पानी, धातु, मिश्र धातु, कागज, प्लास्टिक, कार्बनिक उत्पाद और उर्वरक समेत कई अन्य सामग्रियों की जांच भी करेगी। इसे एनएबीएल द्वारा आईएसओआईईसी 17025:2017 के तहत मान्यता प्राप्त है और यह बीआईएस आउटसाइड लेबोरेटरी स्कीम, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत स्वीकृत है।

### प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए



प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें एटॉमिक एब्जॉर्प्शन स्पेक्ट्रोमीटर, इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा-एटॉमिक एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी, ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर, गैस क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री), हाई-परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी और आयन क्रोमैटोग्राफ शामिल हैं। इनसे जटिल और सटीक विश्लेषण किए जा सकेंगे। इसके अलावा, प्रयोगशाला विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और उद्योगों को प्रशिक्षण, शोध और परीक्षण सहयोग भी प्रदान करेगी, जिससे वैज्ञानिक और औद्योगिक ढांचा मजबूत होगा।

### प्रयोगशाला का दायरा और बढ़ाएंगे

भविष्य में प्रयोगशाला का दायरा और बढ़ाने की योजना है। इसमें फोर्टिफाइड खाद्य उत्पादों जैसे गेहूं का आटा, मैदा, मेवे, खाद्य तेल और विटामिन ए और डी से युक्त नमक की जांच की सुविधा शामिल होगी। साथ ही, मसालों और खाद्य पदार्थों में सूक्ष्म पोषक तत्वों का विश्लेषण भी किया जाएगा, जिससे खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।गौरतलब है कि गाजियाबाद में नेशनल टेस्ट हाउस (एनटीएच) की स्थापना 1977 में हुई थी और तब से यह विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षण और अंशांकन सेवाएं प्रदान करने वाली विश्वसनीय संस्था रही है।

### चीख में बदली जन्मदिन की खुशियां

## परिचितों के साथ जश्न मनाने गई युवती के साथ किया गैंगरेप



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के दक्षिणी हिस्से के रीजेंट पार्क इलाके से बेहद खौफनाक खबर सामने आ रही है। यहां जन्मदिन के बहाने अपने ही परिचितों के साथ जश्न मनाने गई 20 साल की युवती के साथ भरोसे का ऐसा खौफनाक खेल हुआ, जिसकी उसने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

युवती ने आरोप लगाया है कि उसके दोस्त चंदन मलिक ने उसे अपने साथी दीप के घर बुलाया, जहां दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता हरिदेवपुर की रहने वाली है। उसका जन्मदिन शुक्रवार को था। उसी मौके पर उसका परिचित चंदन मलिक उसे अपने दोस्त दीप के फ्लैट पर लेकर गया। इसके बाद, तीनों ने वहां खाना खाया। जन्मदिन मनाने और खाना खाने के बाद जब युवती घर लौटना चाहती थी, तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया।

### पीड़िता ने दिखाई हिम्मत

सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे पीड़िता किसी तरह आरोपियों के घर से निकलकर भागी और अपने घर पहुंची। उसने परिवार को सारी बात बताई। इसके बाद शनिवार को ही पुलिस में मामला दर्ज कराया गया।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों पर गैंगरेप और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

### इस तरह हो गई जान-पहचान

पीड़िता ने शिकायत में कहा कि कुछ महीने पहले उसकी पहचान चंदन मलिक से हुई थी। उसने खुद को दक्षिण कोलकाता के एक बड़े दुर्गा पूजा समिति का प्रमुख बताया था। इसी बहाने उसने युवती की मुलाकात दीप से कराई और तीनों के बीच अच्छा संपर्क बन गया।

### » पहले भी कोलकाता हो चुका शर्मसार

25 जून 2025 को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज परिसर में एक लॉ की छात्रा से कथित तौर पर बलात्कार हुआ था। इसका आरोप मनोजित मिश्रा पर लगा था, जो कॉलेज का पूर्व छात्र और पूर्व टीएमसीपी अध्यक्ष था. हालांकि, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा, पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया था। आरोपी संजय रॉय को इस साल अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

### विदेश यात्राओं और वैश्विक साझेदारियों का ब्यौरा दिया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री की हाल की जापान और चीन यात्रा से लौटने के कुछ दिनों बाद हुई। जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 'भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

### ओडिशा में आकाशीय बिजली से 50 घायल



**बामड़ा।** ओडिशा के देवगढ़ जिला अंतर्गत रियामल ब्लॉक के परा पंचायत के जारछाट गांव में गिरी गोवर्धन पूजा के लिए जमा हुए 50 से अधिक श्रद्धालु वज्रपात गिरने से घायल हो गए। इनमें से 3की हालत गंभीर है। घायलों में से 12 को छेंडीपदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबकि गंभीर लोगों का कोसला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### लालबाग के राजा का विसर्जन


## ऊंची लहरों की वजह से लोगों को हुई परेशानी, महाराष्ट्र में 4 डूबे, 13 लापता

गिरगांव चौपाटी पर गहरे समुद्र में विसर्जन किया गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां के सबसे प्रसिद्ध गणपति पंडाल लालबाग के राजा का समुद्र में विसर्जन रविवार को समुद्र में ऊंची लहरें के कारण देर से हुआ। इस बार भी मूर्ति को दक्षिण मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर सुबह 9 बजे से पहले गहरे समुद्र में विसर्जित करने की तैयारी थी। लेकिन जब मूर्ति चौपाटी पहुंची, उसी समय समुद्र में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। इससे प्लेटफॉर्म (मंच) पानी में तैरने लगा, जिससे उसे ठीक से राफ्ट (बड़ी नावनुमा बेड़ा) पर चढ़ाना मुश्किल हो गया। इस दौरान 15 से 20 स्वयंसेवक और मछुआरे मिलकर उसे संभालते रहे।

### करंट लगने से एक की मौत, 5 घायल



साकीनाका क्षेत्र में गणेश मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक करंट वाला तार मूर्ति को छू गया, जिससे पास खड़े 6 भक्त करंट की चपेट में आ गए। घायलों को तुरंत पास के निजी अस्पतालों और सात हिल्स अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बीनू सुकुमारन कुमारन को मृत घोषित कर दिया।

### पालघर में गणेश विसर्जन के दौरान बहे 3 युवक बचाए गए

पालघर जिले में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तीन युवक नारंगी जेट्टी (विरार पश्चिम) पर विसर्जन के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गए, लेकिन रो-रो नाव की मदद से उन्हें समय रहते बचा लिया गया।

### जोमेटो और स्विगी ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

## अब ऑनलाइन खाना मंगाना पड़ेगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन द्वारा मंच शुल्क में की गई बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा। 22 सितंबर से डिलिवरी शुल्क पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगने के कारण यह और भी बढ़ सकता है। स्विगी ने चुनिंदा बाजारों में अपना प्लेटफॉर्म या मंच शुल्क जीएसटी सहित 15 रुपए कर दिया है। प्रतिद्वंद्वी जोमैटो ने अपना शुल्क बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है, जबकि तीसरी सबसे बड़ी खाने की डिलिवरी करने वाली कंपनी मैजिकपिन ने भी व्यापक उद्योग रुझानों के अनुरूप, अपना मंच शुल्क संशोधित करके 10 रुपए प्रति ऑर्डर कर दिया है।

### इतना महंगा होगा आर्डर




स्विगी ने अपना प्लेटफॉर्म फीस को जीएसटी समेत 15 रुपए कर दिया है, तो वहीं दूसरी ओर जोमैटो ने भी अपना चार्ज बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है। सिर्फ यही नहीं बल्कि फूड डिलीवरी सेक्टर की एक और बड़ी कंपनी मैजिकपिन ने भी जीएसटी के बिजनेस पर पड़ने वाले व्यापक असर को देखते हुए अपनी प्लेटफॉर्म फीस को संशोधित करके 10 रुपए प्रति ऑर्डर करने का ऐलान किया है।

### जीएसटी लागू होने से पहले लिया फैसला

सरकार के इस फैसले को लागू होने में अभी 15 दिन का समय बाकी है, लेकिन जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन जैसे ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्मों ने लगाए गए जीएसटी से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अभी से प्लेफॉर्म फीस में तगड़ा इजाफा कर दिया है। इस बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा।

### राज्य में शाखाएं बढ़ाने और स्थानीय प्रचारकों को सक्रिय करने की रूपरेखा तैयार

# विस चुनाव से पहले बंगाल में पैठ मजबूत करने की तैयारी में संघ

### संघ के प्रचारक घर-घर जाकर संघ की विचारधारा का करेंगे प्रचार-प्रसार, बनाया मेगा 'प्लान'


एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बंगाल में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां अपनी पैठ मजबूत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

संगठन सूत्रों के अनुसार राजस्थान के जोधपुर में हुई एक समन्वय बैठक में यह निर्णय आधिकारिक रूप से लिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव से पहले संगठन का विस्तार करना और राज्य के घर-घर तक अपनी विचारधारा को और गहराई से पहुंचाना है। संघ के शीर्ष नेतृत्व ने समीक्षा कर पाया कि उत्तर बंगाल में संगठन अब कमजोर स्थिति में है, इसलिए वहां विशेष जोर देते हुए शाखाएं बढ़ाने और स्थानीय प्रचारकों को सक्रिय करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

### संघ विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्यों में कैसे संलग्न रहा है

इसके अलावा दक्षिण बंगाल के जिलों में जहां शाखाएं कम हैं, वहां तत्काल नई शाखा खोलने के निर्देश दिए गए हैं। आरएसएस इस वर्ष विजयादशमी पर अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर पूरे देश में एक विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य पिछले 100 वर्षों में संघ विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्यों में कैसे संलग्न रहा है, इसका इतिहास जनता के सामने प्रस्तुत करना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संघ की यह पहल राज्य की राजनीति में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच चल रहे टकराव को एक नया आयाम देगी। संगठन सूत्रों का दावा है कि इस योजनाबद्ध कार्यक्रम के परिणामस्वरूप चुनाव से पहले संघ का प्रभाव और अधिक स्पष्ट हो जाएगा।



### जल्द बंगाल आएंगे मोहन भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली में एक बैठक में संगठन के दर्शन को पहले ही समझा चुके हैं। जल्द ही उनके बंगाल आने की भी योजना है। जानकारी के मुताबिक वह राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित विशेष सम्मेलनों में सीधे शामिल होंगे। राज्य भर में संघ का अभियान महालया के दिन से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में नागरिक सम्मेलन और गृह संपर्क अभियान शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर प्रचारक मोहल्ले-मोहल्ले, घर-घर जाकर संघ की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके साथ ही सड़क पर आमलोगों से सीधा संपर्क स्थापित करने की भी योजना है। सूत्रों के अनुसार अगले साल जनवरी में उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल में अलग-अलग हिंदू सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। इसमें संघ के अखिल भारतीय नेता मौजूद रहेंगे। यह माना जा रहा है कि जिस तरह इन सम्मेलनों के जरिए संगठन का संदेश फैलाया जाएगा, उसी तरह आरएसएस चुनाव से पहले भाजपा के लिए एक मजबूत आधार भी तैयार करेगा।

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से तेल की कीमतें सुधरी

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में आई भारी गिरावट तथा त्योहारी मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम लाभ दर्शाते बंद हुए। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे तेलों के थोक दाम काफी टूटे हुए हैं। मगर इन सभी तेलों के हाजिर खुदरा दाम काफी महंगे हैं। त्योहारों के इस मौसम में आम ग्राहकों को अगर सस्ता खाद्य तेल सुलभ कराना सरकार की प्राथमिकता है

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### करूर वैश्य बैंक ने ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित (एमसीएलआर) कर्ज के लिए ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। इससे एमसीएलआर से जुड़ा कर्ज सस्ता हो जाएगा। करूर वैश्य बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि वाले लोन की न्यूनतम ब्याज दर अब 9.55 प्रतिशत से घटकर 9.45 प्रतिशत हो जाएगी।

### वित्त मंत्री ने कहा, सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए करेगा प्रेरित

# जीएसटी में सुधारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है।

जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।

#### लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा

दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। उन्होंने कहा, "जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी**

**विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर लागू होगी**

**रोजमर्रा के सामानों सहित 400 वस्तुएं की दरें कम की गई**




*चिकित्सा बिलों में कमी आएगी : सीतारमण ने कहा, "इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।"*

*अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार : सीतारमण ने कहा, " यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है। आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं।"*

#### बजट में 12 लाख तक की आय करमुक्त की गई

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने और खपत बढ़ने की उम्मीद है।

#### रुपए पर हमारी नजर है

*रुपए की विनिमय दर में गिरावट के बीच वित्त मंत्री ने कहा है कि हमारी इस पर नजर है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा घरेलू मुद्रा में गिरावट केवल अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में है। यह केवल रुपए का मामला नहीं है और दूसरे देशों की मुद्राएं भी प्रभावित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया गिरावट से उबरते हुए तीन पैसे की तेजी के साथ 88.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 88.12 के भाव पर बंद हुआ था।*

# जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए वेदांता की बोली सबसे ऊंची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- वेदांता ने 12,505 करोड़ की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा
- एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4000 करोड़ जमा करेगी वेदांता

खनन क्षेत्र की कंपनी वेदांता लि. ने कर्ज में डूबी हुई जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को खरीदने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। सूत्रों के मुताबिक, वेदांता ने सफल बोली लगाने के बाद कहा कि वह एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4,000 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी और बाकी की रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाएगी।

वेदांता ने करीब 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। यह बोली बैंकों द्वारा आयोजित नीलामी में लगाई गई थी, जिनका उद्देश्य जयप्रकाश ग्रुप के लिए खरीदार ढूंढना था। जयप्रकाश समूह रियल एस्टेट, सीमेंट, बिजली, होटल और सड़कों जैसे क्षेत्रों में काम करता है। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड इस समय आईबीसी (दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता) के तहत दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इस प्रक्रिया के तहत, 24 जून को समाधान योजनाएं मांगी गईं। इसके बाद, पांच कंपनियों — वेदांता, अदाणी, डालमिया, जिंदल पावर और पीएनसी इंफ्राटेक के बीच इसे हासिल करने के लिए मुकाबला हुआ। इसमें वेदांता ने 12,505 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई।

#### मंजूरी में लग सकता है एक साल का समय

सूत्रों के मुताबिक, जेएआईएल के लिए वेदांता को सबसे ऊंची बोली लगाने वाला बोलीदाता घोषित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह पूरा भुगतान एक साथ नहीं किया जाएगा, बल्कि किस्तों में होगा। पहली किस्त करीब 4,000 करोड़ रुपये की होगी, जो एनसीएलटी की मंजूरी मिलने के बाद दी जाएगी। इस मंजूरी में करीब एक साल का समय लग सकता है। बाकी बची हुई रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाई जाएगी।

# ब्रिटानिया को ग्रामीण बाजारों से 50 प्रतिशत बिक्री की उम्मीद

**बेंगलुरु।** ब्रिटानिया को उम्मीद है कि अगले तीन से चार साल में उसकी घरेलू बिक्री का आधा हिस्सा ग्रामीण बाजारों से आएगा। कंपनी ऐसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए वितरण नेटवर्क का विस्तार कर रही है।कंपनी के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने यह जानकारी दी। बेरी ने कहा कि ग्रामीण बाजार ब्रिटानिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गुड डे, मैरी गोल्ड, और टाइगर बिस्किट बनाने वाली इस कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इन बाजारों में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की। अब कंपनी सीधे वितरण के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि दूरदराज के बाजारों में उत्पादों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। बेरी ने बताया कि ब्रिटानिया अब अपनी लगभग 40 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण बाजारों से प्राप्त करती है। शहर की तुलना में तेजी से बढ़ रहा ग्रामीण बाजारबेरी ने यह भी कहा कि ग्रामीण बाजार अब शहरी बाजारों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं और यह रुझान जारी रहने की उम्मीद है।

#### ग्रामीण बाजार में उपभोग की काफी क्षमता

ब्रिटानिया का लक्ष्य है कि उसकी शहरी और ग्रामीण बिक्री का अनुपात 50-50 हो जाए। कंपनी ऐसा इसलिए करना चाहती है क्योंकि ग्रामीण बाजारों में उपभोग और वितरण दोनों की काफी क्षमता है और वह इन बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत बनाना चाहती है। बेरी के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने में शायद तीन से चार साल लगेंगे।

# भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह



**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है। भारत ने अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करके और व्यापार सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाकर लगातार व्यापार घाटे को दूर करने का भी आह्वान किया। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत के वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को चीन के दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक और उर्वरक पर निर्यात प्रतिबंधों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

# स्पाइसजेट को बढ़ी लागत के कारण हुआ नुकसान




**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने शुक्रवार को बताया कि जून में समाप्त तिमाही के दौरान उसे 238 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने कहा कि विमानों के खड़े होने और अवकाश यात्रा की मांग में कमी से उसकी वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई। कई चुनौतियों का सामना कर रही इस बजट एयरलाइन ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में कुल 1,190.56 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी अवधि में उसने 2,067.21 करोड़ रुपये की आय दर्ज की थी। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश के साथ भू-राजनीतिक स्थिति और प्रमुख बाजारों में हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण कंपनी के नतीजे काफी प्रभावित हुए, जिसके कारण अवकाश यात्रा की मांग कम रही।

# महंगाई के नरम पड़ने से जीडीपी वृद्धि में कमी संभव

**नई दिल्ली।** महंगाई के नरम पड़ने से चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बजट अनुमान (10.1 प्रतिशत) से कम रह सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने यह अनुमान जताया है। मौजूदा बाजार कीमतों पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महंगाई के प्रभाव को समायोजित नहीं किया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत के वास्तविक जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वास्तविक जीडीपी में महंगाई के प्रभाव को समायोजित किया जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने हाल में ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों को मंजूरी दी है, जिससे लगभग 400 वस्तुओं की कीमतों में कमी होगी।

# सोने में आ सकती है मुनाफावसूली

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- निवेशकों को मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार
- पिछले सप्ताह सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छूआ था

पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि इस कीमती धातु की भविष्य की दिशा आगामी वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की नीतिगत बैठक शामिल हैं। सराफा कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के भाषण सहित व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे।

*पिछले सप्ताह 4000 रुपए की तेजी आई थी : पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में लगभग 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, "तकनीकी चार्ट अत्यधिक खरीदारी का संकेत दे रहे हैं और कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। फिर भी रुझान सकारात्मक बना हुआ है और एमसीएक्स पर इसके 1,10,000-1,12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक बढ़ने की संभावना है।"*

# घरेलू और वैश्विक स्तर के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा।'' मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है।''भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता हैं। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।'' विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा।

### बड़ा आकार होने के कारण छोटी-मोटी घटनाएं होना सामान्य

# एयर-इंडिया करने जा रही सेवा में कमी की भरपाई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




हाल ही में हुई एयर इंडिया के कुछ विमानों से जुड़ी घटनाओं के बीच एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया समूह के बड़े आकार को देखते हुए ऐसी घटनाओं का होना पूरी तरह से सामान्य है। विमानन कंपनी अपनी केबिन क्रू को उड़ानों के दौरान सेवा में कमी की भरपाई के लिए यात्रियों को 'ई-वाउचर' देने की अनुमति देने की योजना बना रही है। यह योजना यात्रियों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं, तथा कुछ विमानों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के रद्द होने और देरी की शिकायत की पृष्ठभूमि में बनाई गई है। एयर लाइन प्रमुख ने पांच सितंबर को कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, ''जब हम पर ध्यान केंद्रित होता है, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हाल के हफ्तों में, हम घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्ट करने में सामान्य से भी अधिक पारदर्शी रहे हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने अपनी फ्रंटलाइन टीमों को यह अधिकार दिया है कि जब सेवा में कोई कमी हो जाए तो वे यात्रियों को ई-वाउचर दे सकते हैं ताकि उनकी परेशानी का तुरंत समाधान किया जा सके।

**सेवा में कमी की भरपाई के लिए 'ई-वाउचर' देने की योजना**

# ओयो ने कॉरपोरेट इकाई का नाम बदलकर किया प्रिज्म

**नई दिल्ली।** आईपीओ के लिए तैयार ओयो की मूल कंपनी ऑरैवल स्टेज का नाम बदलकर प्रिज्म कर दिया गया है। प्रिज्म इसके सभी व्यवसायों के लिए एक प्रमुख इकाई के रूप में काम करेगी और वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी मंच के विभिन्न ब्रांड को एक साथ लाएगी। ओयो ने शेयरधारकों को भेजे गए एक पत्र में बोर्ड के चेयरमैन और संस्थापक रितेश अग्रवाल ने कहा कि ऑरैवल स्टेज अपनी नई कॉरपोरेट पहचान के रूप में प्रिज्म लाइफ के नाम से जानी जाएगी, जिसे संक्षेप में प्रिज्म कहा जाएगा। अग्रवाल ने पत्र में कहा, "प्रिज्म हमारे सभी विविध व्यवसायों के लिए एक प्रमुख इकाई के रूप में काम करेगी, जिससे हमें अधिक कुशलता से काम करने और अपनी पहचान स्पष्ट रूप से बताने में मदद मिलेगी। यह हमारे विभिन्न ब्रांड को एक साथ जोड़ेगा।"

# भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है।

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।



**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5982



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5981 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# भारत ने कब्जाया एशिया कप

- हॉकी में कोरिया को 4-1 से हराया, विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया
- दिलप्रीत ने दो गोल दागकर जीता दिल, आठ साल बाद जीत ली ट्रॉफी
- कोरिया के बाद दूसरी सबसे सफल टीम, टूर्नामेंट के 5 मैच जीते, 1 ड्रा

**राजगीर (भाषा)।** दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया को रविवार को फाइनल में 4-1 से हराकर 8 साल बाद एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत ने चौथी बार एशिया कप खिताब जीता है व इसके साथ ही वह 5 बार की चैम्पियन कोरिया के बाद टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम बन गई। भारत ने इससे पहले 2003 (कुआलालंपुर), 2007 (चेन्नई) और आखिरी बार 2017 (ढाका) में एशिया कप जीता था। दक्षिण कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है। इसके साथ ही भारत ने अगले विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया जो 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है। भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालंपुर विश्व कप जीता है। खचाखच भरे राजगीर खेल परिसर में भारत के लिए सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किए। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा। वहीं, पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया के लिये एकमात्र गोल 51वें मिनट में डेन सोन ने किया। भारत ने टूर्नामेंट में पांच जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला।

*भारत के लिए पहला गोल 30वें सेकंड में सुखजीत ने दागा। कप्तान हरमनप्रीत ने बाएं फ्लैंक से शानदार प्रदर्शन करते हुए सुखजीत को गेंद सौंपी, जिसने बाएं कार्नर पर से रिवर्स हिट लगाकर गेंद को गोल के भीतर डाला। दिलप्रीत आठवें मिनट में गोल करने के करीब पहुंचे।*



**हरमनप्रीत की कप्तानी वाली टीम ने अपने तीनों पूल मैच जीते**

**सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 व चीन को 7-0 से हराया**

**कोरिया से मैच 2- 2 से ड्रॉ रहा**

**पहले ही सेकंड से भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की**

**भारत का डिफेंस, मिडफील्ड व फॉरवर्ड पंक्ति के बीच कमाल का तालमेल था और एक ईकाई के रूप में विरोधी गोल पर कई हमले बोले**

**कोरियाई टीम रक्षात्मक खेल दिखाती नजर आई जो उस पर भारी पड़ा**

**पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस को भेदने में कामयाबी नहीं मिली**

**भारतीय आक्रामक पंक्ति ने कोरियाई डिफेंस को पूरे मैच में दबाव में रखा**

भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर 44वें मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की कोशिश पहले रशर ने नाकाम कर दी। तीसरे क्वार्टर के आखिर में दिलप्रीत ने भारत के लिए एक और गोल किया। हरमनप्रीत ने फ्री हिट पर राजकुमार को पास दिया, जिन्होंने दिलप्रीत को गेंद सौंपी और उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की।




## बधाइयों का लगा तांता

**दक्षिण** कोरिया को फाइनल में हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीतने और विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने के साथ ही भारतीय पुरूष हॉकी टीम को सोशल मीडिया पर बधाई का तांता लग गया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने इसके साथ ही अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया।

**केंद्रीय** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'अद्भुत प्रदर्शन। राजगीर, बिहार में आयोजित एशिया कप हॉकी के फाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर चैंपियन का खिताब जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई।' 'आप सभी ने पूरे एशिया कप में उत्कृष्ट खेल का उदाहरण पेश किया, सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**हॉकी** इंडिया ने भी चौथी बार इस खिताब जीतने पर अपनी टीम को बधाई दी। हॉकी इंडिया ने लिखा, ' एशिया के चैंपियन। हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 में भारत का दबदबा रहा और एक शानदार अभियान के साथ भारत ने अपना चौथा एशिया कप खिताब जीता।"

**हॉकी** इंडिया के अध्यक्ष और भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी दिलीप टिर्की ने इसे भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा करार देते हुए 'एक्स' पर लिखा, "एशिया कप 2025 जीतने पर टीम इंडिया को बधाई। यह देश के लिए गर्व का क्षण है और हॉकी खिलाड़ियों की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है।"

**भारतीय** हॉकी टीम के प्रायोजक ओडिशा के मुख्यमंत्री चरण मांझी ने इस जीत को देश का गौरव बढ़ाने वाला करार दिया। ® मांझी ने 'एक्स' पर लिखा, " राजगीर, बिहार में हीरो एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम को उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई। कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत के साथ टीम ने देश का गौरव बढ़ाया है।"

## खबर संक्षेप



### पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराया, रोनाल्डो के दो गोल

**मैनचेस्टर।** रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

### एएफसी अंडर-23 में कतर से हारा भारत



**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई।

## यूएस ओपन: महिला एकल में एरिना ने अमांडा को हराया

# सबालेंका दूसरी बार चैंपियन गिराया रैकेट, बिखेरी मुस्कान

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।


- फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी

सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया, जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया, जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया।

सबालेंका ने आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी।

### एरिना ने बनाया रिकॉर्ड

मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। 'सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी।



### लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम हारी अमांडा

अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।



**जीता अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब**

### सबालेंका को मिली 44.09 करोड़ की प्राइज मनी

एरिना सबालेंका को यूएस ओपन का खिताब जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है। यानि भारतीय करेंसी के अनुसार देखें तो उनको खिताब जीतने पर 44.09 करोड़ रुपए की रकम मिली। अब सबालेंका के यूएस ओपन जीतने की प्राइज मनी की तुलना अगर क्रिकेट के आगामी एशिया कप और आईपीएल 2025 सीजन से की जाए तो थोड़ी नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यहां तक कि वीमंस वर्ल्ड कप 2025 की राशि से भी अधिक एरिना को मिले। यूएस ओपन की रनरअप एमांडा को 22 करोड़ रुपए से अधिक मिले।

## इवानोव और वेंड्रोमे बने जूनियर चैंपियन

जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लाडसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता।

## ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा, 'टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।' इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।



## विश्व चैंपियनशिपः भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराया

# तीरंदाजी में भारत ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड, मिश्रित टीम को सिल्वर

एजेंसी ▶▶| ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया, जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।




### भारत ने दबाव में दिखाया धैर्य

फ्रांस ने निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए।

### अंतिम चरण में लड़खड़ाई फ्रांस टीम

पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### *मिक्सड में भारत का 2021 के बाद पहला पदक*

*इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।*

# कायरन पोलार्ड ने 18 गेंद में उड़ाए 54 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज में जारी कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के 23वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को गयाना अमेजन वॉरियर्स के सामने तीन विकेट से करारी हार मिली। नाइट राइडर्स के लिए कायरन पोलार्ड ने अंत में 18 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के से 54 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने 167 रन बनाए लेकिन इसके जवाब में गयाना के लिए शे हॉप (53) और शिमरोन हेटमायर (49) ने ताबड़तोड़ बैटिंग का नजारा पेश किया। इससे गयाना की टीम ने सात विकेट पर 168 रन बनाने के साथ तीन विकेट से एक गेंद पहले जीत दर्ज कर ली।



### प्रिटोरियस ने दिलाई जीत

वहीं 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गयाना के बहे 14 रन पर दो विकेट गिर गए थे। लेकिन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले शे हॉप ने 46 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से 53 रन बनाए तो शिमरोन हेटमायर ने 30 गेंद में दो चौके और चार छक्के से 49 रन की पारी खेली। इसके बाद रही सही कसर अंत में ड्वेन प्रिटोरियस ने पूरी करते हुए 14 गेंद में तीन छक्के से 26 रन नाबाद बनाकर पूरी कर दी।

जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी ली

# जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया: पार्टी को टूटने से बचाने के लिए पद छोड़ा, बहुमत खोने के बाद इशिबा को हटाने की मांग हुई थी तेज

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए ये कदम उठाया है। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए अपनी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद पद छोड़ने की मंशा जाहिर की। कहा जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से इस मामले में उन्होंने शनिवार को मुलाकात की थी। सुगा ने उन्हें इस्तीफे की सलाह दी थी। अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों को एक महीने से अधिक समय तक नजरंदाज किया। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर एक निर्णय करने वाली है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह उनके खिलाफ एक प्रकार का अविश्वास प्रस्ताव होगा।

पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद लिया निर्णय



### अमेरिकी टैरिफ से जनता नाराज थी

यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ी और अमेरिका के टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता थी। खबरों के मुताबिक इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे। हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ा।

### इस्तीफा देने को मजबूर हुए इशिबा

*जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में भारी हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के बाद इस्तीफा देने को मजबूर हो गए। जापान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को देर शाम संवाददाता सम्मेलन कर सकते हैं। इशिबा पार्टी में और फूट न हो, इसके लिए पद से इस्तीफा देने का मन बनाया। जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया।*

### इशिबा ने टैरिफ कम कराया

इशिबा ने इसी महीने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें जापानी ऑटोमोबाइल पर लगने वाले टैरिफ को 25% से घटाकर 15% कर दिया गया। इस समझौते को निवेशकों ने जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद माना गया। हालांकि इस समझौते के बावजूद इशिबा की राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी।इस कदम से जापानी ऑटो इंडस्ट्री, विशेष रूप से टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि यह सेक्टर जापान की अर्थव्यवस्था का लगभग 8% हिस्सा है। इसके बदले में, जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर के निवेश और अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे चावल, मक्का और सोयाबीन की खरीद बढ़ाने का वादा किया है।

### संसद में बहुमत नहीं, फिर भी इशिबा प्रधानमंत्री बने थे

*जापान में अक्टूबर 2024 में हुए चुनाव में एलडीपी-कोमेतो गठबंधन को 465 में से सिर्फ 215 सीटें मिली थीं। यहां बहुमत के लिए 233 सीटें चाहिए। एलडीपी सबसे बड़ी पार्टी रही। कोई दूसरा गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। मुख्य विपक्षी दल सीडीपीजे को 148 सीटें मिलीं। बाकी विपक्षी पार्टियां आपस में बंटी हुई हैं। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस मोशन लाना चाहता था, लेकिन इशिबा ने चेतावनी दी कि ऐसा हुआ तो वे संसद भंग करके दोबारा चुनाव कराएंगे। जिससे विपक्ष पीछे हट गया। अब इशिबा डीपीपी जैसे छोटे दलों से मुद्दों पर समर्थन लेकर बिल पास करवा रहे हैं। बजट, सब्सिडी और टैक्स सुधार जैसे मामलों में वे विपक्ष के कुछ नेताओं को अपने पक्ष में कर पाए हैं।*

---

15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला

कैबिनेट बिल्डिंग को बनाया निशाना

# कीव पर रूस ने दागे 800 ड्रोन और 13 मिसाइल, 3 की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन का युद्ध चरम पर है। वहीं दोनों के बीच शांति कराने के प्रयास भी विफल हो रहे हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपति अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शांति प्रयासों के बीच रूस की सेना ने कीव पर भीषण हवाई हमला किया है, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूस ने यूक्रेन पर फिर हमला किया है। रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रात को मंत्रिपरिषद भवन, मंत्रियों के घरों और ऑफिसों पर 800 ड्रोन और 13 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। एयर स्ट्राइक में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल हैं, जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। क्रेमेनचुक, क्रिवी रिह और ओडेसा शहरों में भी रूस की सेना ने ड्रोन से अटैक किया है। हमले से जान और माल दोनों का नुकसान हुआ है। मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ ओलेक्सांद्र विल्कुल ने बताया कि रूस की सेना हमले से डार्नित्स्की में रिहायशी इमारत की 2 मंजिलें जलकर राख हो गईं।

### मंत्रियों के घरों और दफ्तर को नुकसान

बताया जा रहा है कि हमले से कैबिनेट बिल्डिंग की छत टूट गई है, जिससे बिल्डिंग की अंदर लगी आग का धुंआ उठता दिखा। बिल्डिंग के अंदर मंत्रियों के घर-दफ्तर बने हैं, जिन्हें नुकसान पहुंचा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले की पुष्टि की। 15 दिन में रूस ने कीव पर दूसरा सबसे बड़ा हमला किया है। वहीं हमले बढ़ने से दोनों देशों के बीच शांति की आस खत्म होती जा रही है। हालांकि पुतिन ने जेलेंस्की को मॉस्को बुलाया है, लेकिन बिना किसी एजेंडे के बात करने से इनकार कर चुके हैं।

### धमाकों के बाद बिजली हो गई गुल

*कीव के पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की जिले में भी 9 मंजिला इमारत ध्वस्त हुई थी। इमारत पर रूस की सेना ने मिसाइल अटैक किया था। क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके होने से बिजली ठप हो गई थी। क्रिवी रिह शहर में रूस की सेना ने ट्रांसपोर्ट और शहरी ढांचे को टारगेट करके ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। साउस यूक्रेन के ओडेसा में भी हमला किया था। रूस और यूक्रेन में साल 2022 से जंग जारी है, लेकिन दोनों देश युद्ध से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप समेत कई देश दोनों देशों के बीच शांति कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच बीती रात रूस की सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। सारी रात हमले जारी रहे और जवाबी कार्रवाई करते हुए यूक्रेन की सेना ने रूस की ऑयल पाइपलाइन को टारगेट करके हमला किया, जिससे पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचने की खबर है।*

---

हजरतबल दरगाह विवाद के बाद अनंतनाग में नहीं लगाया गया अशोक चिन्ह

# अशोक स्तंभ तोड़ने पर बवाल! ललन सिंह की चेतावनी-जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने की घटना पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि अशोक स्तंभ देश का प्रतीक है और इसको जिसने खंडित किया है वह दंडित होगा। उन्होंने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। दरअसल, शुक्रवार को यह घटना हुई जिसमें हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ को तोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस दरगाह में हालही में नवीनीकरण किया गया था। उद्घाटन शिलापट्टिका में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को अंकित किया गया था। बताया जाता है कि नमाज़ के बाद, कुछ कट्टरपंथी लोगों ने इस उद्घाटन पट्टिका में लगे अशोक स्तंभ को बुतप्रतीक मानकर पत्थर से तोड़ फोड़ की और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से पत्थर से तोड़े जाने की घटना दिखाई गई। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष, दारखशां आंद्राबी ने इस घटना को दिल तोड़नेवाला और संविधान पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर पर निशान नहीं, मेरे दिल पर निशान है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर और पीएसए के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने निगीन थाना में एफआईआर दर्ज कर की। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय दंड संहिता के अधीन राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान पर तीन साल तक की सज़ा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब इसी मुद्दे पर ललन सिंह ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की बातें कही हैं।

### हजरतबल दरगाह पर नमाज के बाद तोड़ा गया अशोक स्तंभ

सीएम उमर ने कहा- मैंने कभी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय चिन्ह नहीं देखा






### दरगाह विवाद में 26 लोग हिरासत में

हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। बताया गया कि यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने 26 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई। इस मामले में पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समुदाय को जानबूझकर उकसाया जा रहा है।मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला ने कहा कि मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का इस्तेमाल होते नहीं देखा, तो हजरतबल दरगाह के पत्थर पर प्रतीक चिन्ह लगाने की क्या जरूरत थी? क्या सिर्फ काम ही काफी नहीं था?

### तीन साल की सजा और 5 लाख का हो सकता है जुर्माना

भारत में राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग या राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 लागू हैं। ये कानून तिरंगे और राष्ट्रीय प्रतीक के सही उपयोग, प्रदर्शन और सम्मान के नियमों को निर्धारित करते है। किसी तरह की गलती भारी पड़ सकती है। इसके तहत किसी सार्वजनिक स्थान या किसी अन्य स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज या उससे संबंधित राष्ट्रीय प्रतीक को विकृत करता है, नष्ट करता है, रौंदता है या अन्यथा अनादर प्रदर्शित करता है या अवमानना करता है (चाहे मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा, या कृत्यों द्वारा), उसे अधिकतम 3 साल की सजा दी जा सकती है और साथ में 5 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

---

### मारा गया 10 लाख का इनामी नक्सली अपटन

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा की आराहासा पंचायत के रेलापराल गांव के पास जमकर मुठभेड़ हुई। यहां की बुरजूवा पहाड़ी पर रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दस लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने घटना स्थल से एक एसएलआर रायफल भी बरामद दिया है। एसपी राकेश रंजन ने इसकी पुष्टि की है। एक माह में यह दूसरी मुठभेड़ हुई है।



### जर्मनी में लॉन्च हुआ सुपरकंप्यूटर जुपिटर

**बर्लिन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अब यूरोप भी बड़ा कदम उठाने को तैयार है। जर्मनी के जूलिश सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में यूरोप का सबसे तेज और पहला एक्सास्केल सुपरकंप्यूटर जुपिटर लॉन्च किया गया। जुपिटर सुपरकंप्यूटर को यूरोप का पहला एक्सास्केल सिस्टम कहा जा रहा है, जो हर सेकंड एक क्विंटिलियन (1 अरब) कैलकुलेशन करने में सक्षम है। यह किसी भी मौजूदा जर्मन कंप्यूटर से लगभग 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली है।



---

रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख बौखला रहा है अमेरिका

ट्रंप के करीबी और मस्क के बीच झगड़ा

# भारत-रूस को लेकर आपस में भिड़ गए ट्रंप के 'राइट' और 'लेफ्ट' हैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच हो रहे व्यापार को देख अमेरिका का खाना हजम नहीं हो रहा है। भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी भारत पर लगातार हमला कर रहे हैं। अब भारत को लेकर ट्रंप के व्यापार और निर्माण मामलों के सलाहकार पीटर नवारो और दुनिया के सबसे अमीर शख्स व अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के बीच 'झगड़ा' शुरू हो गया है।



यह विवाद तब हुआ जब मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने के बारे में एक पोस्ट को नवारो ने गलत बताया गया। बता दें कि नवारो को ट्रंप का राइट हैंड माना जाता है। वहीं मस्क भी कभी ट्रंप के लेफ्ट हैंड रह चुके हैं। हालांकि अब मस्क और ट्रंप की राहें अलग हो चुकी हैं।

### रूसी तेल से मुनाफे का लगाया था आरोप

नवारो ने कुछ समय पहले एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी उस पोस्ट में भारत पर रूसी तेल से मुनाफा कमाने का आरोप लगाया था। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि भारत के टैरिफ से अमेरिकियों की नौकरियां जा रही हैं। नवारो ने ये बातें वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख के जवाब में कहीं।. उस लेख में ट्रंप प्रशासन के भारत के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों में विरोधाभास के बारे में बताया गया था।

---

रक्षा अनुसंधान और उत्पादन में एमएसएमई की भूमिका पर जोर

आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ेंगे कदम

# डीआरडीओ की बड़ी पहल: छोटे-बड़े उद्योगों को एक साथ एक मंच पर लाने से आएंगे सार्थक परिणाम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश स्थित डिफेंस कॉरिडोर को मजबूती प्रदान करने के लिए डीआरडीओ कई छोटे-बड़े उद्योगों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्ट-अप्स को एक मंच पर लेकर आया है। भारत के ये उद्योग देश की रक्षा जरूरतों से जुड़े निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इसके साथ ही नई रिसर्च से सैन्य बलों के लिए उपयोगी रक्षा उपकरण एवं अन्य चीजें तैयार करने में भी मदद मिल सकती है।

### रक्षा उपकरण निर्माण में एमएसएमई की होगी अहम भूमिका




### 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) ने शनिवार को लखनऊ में एक बड़ा कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स को रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में शामिल करना था। यह आयोजन उत्तर प्रदेश डिफेंस औद्योगिक कॉरिडोर में भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

*डीआरडीओ प्रमुख ने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ, एमएसएमई को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि देश 'आत्मनिर्भर भारत' बन सके और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109